दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी





अक्षय की फिल्म स्काई फोर्स हुई पोस्टपोन......

कॉल मी बे का दूसरा गाना .........

वर्ष : 10 | अंक : 264 | लखनऊ, 05 सितम्बर, गुरूवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# बुलडोजर के सामने पस्त होंगे दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले

## सीएम योगी आदित्यनाथ का राहुल और अखिलेश पर करारा वार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बिना नाम लिए ही इशारों-इशारों में राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर करारा प्रहार किया। उन्होंने विपक्षी नेताओं को लताड़ लगाते हुए चुनौती दी कि बुलडोजर पर हर एक का हाथ फिट नहीं हो सकता। इसके लिए दिल और दिमाग दोनों चाहिए। उन्होंने कहा कि जिसमें बुलडोजर जैसी क्षमता और दृढ़ प्रतिज्ञा हो, वहीं बुलडोजर चला सकता है। दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले लोग बुलडोजर के सामने वैसे ही पस्त हो जाएंगे।

### नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में सीएम योगी

सीएम योगी ने बुधवार को लोकभवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित 1334 अवर अभियंता, संगणक एवं फोरमैन को नियुक्ति प्रत्र प्रदान कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज यहां नियुक्ति पाने वालों में हर जनपद का प्रतिनिधित्व दिखता है। न जाति का भेद, न क्षेत्र का। केवल प्रतिभा और आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए प्रतिभाशाली युवाओं को नियुक्ति की प्रक्रिया से जोड़ा गया है।

### प्रदेश को दंगों की आग में झोंकने का किया काम

वहीं, पहले जनता ने जिन लोगों को अवसर दिया था उन्होंने अपनी



अराजक और भ्रष्टाचारी गतिविधियों से पहचान का संकट खड़ा किया और फिर प्रदेश को दंगों की आग में झोंकने का काम किया था। पहले जाति-जाति को लड़ाया, फिर मत और मजहबों को आपस में लड़ाने का काम किया। उत्तर प्रदेश महीनों दंगों की आग में झुलसता रहा। आज ये लोग फिर से अपना रंग रोगन बदलकर नए रूप में प्रदेश की जनता को गुमराह करना चाहते हैं।

### योग्यता और क्षमता के बाद भी बैरियर हटाने का काम करेंगे

सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले जो लोग प्रदेश में लूट खसोट मचाए थे, आज जब उनके सपनों पर पानी फिर चुका है तो अब टीपू भी सुल्तान बनने चले हैं। कई वर्ष पहले एक धारावाहिक आया था, मुंगेरीलाल के हसीन सपने। आज ये भी यही सपने देख रहे हैं। जब जनता ने इन्हें अवसर दिया था तब इन्होंने प्रदेश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। यहां के युवाओं के सामने, व्यापारियों के सामने, उद्यमियों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था।

### बेइमान और भ्रष्टाचारियों की संपत्ति होगी कुर्क

सीएम योगी ने प्रदेश के युवाओं को आश्वस्त किया कि यदि आपमें योग्यता और क्षमता है तो आपका सेलेक्शन जरूर होगा। इसके बाद भी यदि कोई बैरियर बनेगा तो उस बैरियर को हटाने का काम हम करेंगे।

# चुनावी अखाड़े में पहलवानी की तैयारी

## राहुल गांधी से मिले विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया के कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना हैं। आज दोनों अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया ने लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से मुलाकात की। अब वे दिल्ली में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात कर रहे हैं। यह बैठक ऐसे समय हुई है जब कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) आगामी हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को बुलाई गई थी।



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया के अनुसार, बैठक के दौरान सीईसी ने हरियाणा चुनाव के लिए 34 उम्मीदवारों का चयन किया। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों की अंतिम सूची 4 अगस्त तक जारी कर दी जाएगी। बाबरिया ने विनेश फोगाट के राजनीतिक भविष्य को लेकर चल रही अटकलों को भी संबोधित करते हुए कहा कि मामला बुधवार तक स्पष्ट हो जाएगा। उनकी संभावित उम्मीदवारी को लेकर चर्चा ने प्रत्याशा बढ़ा दी है क्योंकि हरियाणा अपने विधानसभा चुनावों के लिए तैयार है।

विनेश फोगाट के हरियाणा की राजनीति में कदम रखने की अफवाह साज़िश का एक प्रमुख मुद्दा है। यदि वह राजनीति में प्रवेश करने का फैसला करती हैं, तो इससे भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर विवाद बढ़ने की उम्मीद है, जिन पर कई महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का आरोप है। सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में विनेश फोगाट समेत कई पहलवानों ने हिस्सा लिया था। अभी चार दिन पहले, ओलंपियन विनेश फोगाट शंभू सीमा पर किसानों के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं और उन्हें अपना अटूट समर्थन दिखाया। किसानों ने फोगाट को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया।

मौसम

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,332.72

निफ्टी 24,834.85

# आरोप लगाने से पहले डीएनए का फुल फॉर्म तो जान लेते: अखिलेश का योगी पर तंज

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सपा के डीएनए के संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की टिप्पणी पर बुधवार को पलटवार करते हुए कहा कि आरोप लगाने से पहले उन्हें डीएनए का फुल फॉर्म जान लेना चाहिये। सपा प्रमुख ने मुख्यमंत्री का नाम लिए बगैर कहा कि जो लोग ज्यादा बोलते हैं उन्हें ज्यादा सुनना भी पड़ता है। दरअसल आदित्यनाथ ने मंगलवार को मुख्य विपक्षी दल सपा पर निशाना साधते हुए कहा था कि सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर राज्य के लोगों के सामने पहचान का संकट खड़ा करने



वाली सपा के डीएनए में अराजकता और गुंडागर्दी पैबस्त है। इस पर यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, आरोप लगाने से पहले फुल फॉर्म तो जान लेते। डीएनए का मतलब है डीऑक्सी राइबोन्यूक्लिक एसिड। वैसे जानते होते तो भी बोल न पाते। उन्होंने कहा, अरबों-करोड़ों में सांसद-विधायक की भर्ती करवाने वाले लोग, जितना कम बोलें उतने में ही उनकी इज्जत है।

# त्रिपुरा के दो उग्रवादी समूहों के साथ शांति समझौते पर हुए हस्ताक्षर

## अमित शाह बोले- मोदी सरकार में मिटी दूरियां

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा और अन्य की मौजूदगी में गृह मंत्रालय में भारत सरकार, त्रिपुरा सरकार, एनएलएफटी (नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा) और एटीटीएफ (ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि त्रिपुरा में हिंसा समाप्त करने के लिए केंद्र, राज्य सरकार और दो उग्रवादी समूहों के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए।



उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर में अब तक हुए सभी शांति समझौतों को लागू किया है।

शाह ने कहा कि यह हम सभी के लिए खुशी की बात है कि 35 वर्षों से चल रहे संघर्ष के बाद आप हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं और संपूर्ण त्रिपुरा के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जब से देश के प्रधानमंत्री बने हैं तब से उन्होंने शांति और संवाद के जरिए सक्षम और विकसित पूर्वोत्तर का विजन देश के सामने रखा है। पूर्वोत्तर के लोगों और दिल्ली के बीच काफी दूरी थी। उन्होंने सड़क, रेल और हवाई संपर्क के माध्यम से न केवल इस दूरी को मिटाया बल्कि लोगों के दिलों के बीच की दूरियां भी मिटाईं।

गृह मंत्री ने कहा कि यह समझौता पूर्वोत्तर के लिए 12वां और त्रिपुरा से जुड़ा तीसरा समझौता है। अब तक लगभग 10,000 उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है, हथियार छोड़ दिए हैं और मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि आज, एनएलएफटी और एटीटीएफ के आत्मसमर्पण और समझौते के साथ, लगभग 328 से अधिक सशस्त्र कैडर मुख्यधारा में शामिल हो जाएंगे। त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा ने कहा कि मैं पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में शांति, समृद्धि और सद्भावना का माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए एचएम अमित शाह का आभार व्यक्त करना चाहता हूं।

संक्षिप्त समाचार

# हिमाचल में अयोग्य विधायकों को पेंशन नहीं! विधानसभा में नया विधेयक पेश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, हिमाचल प्रदेश विधानसभा में दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य ठहराए गए सदस्यों के लिए पेंशन लाभ रोकने के लिए एक विधेयक पेश किया गया। हिमाचल प्रदेश विधानसभा (सदस्यों के भत्ते और पेंशन) संशोधन विधेयक 2024 मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पेश किया। विधेयक में कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति संविधान की दसवीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) के तहत किसी भी बिंदु पर अयोग्य घोषित किया गया है तो वह अधिनियम के तहत पेंशन का हकदार नहीं होगा। इस साल की शुरूआत में छह कांग्रेस विधायकों- सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, राजिंदर राणा, इंदर दत्त लखनपाल, चेतन्य शर्मा और देविंदर कुमार को 2024-25 के बजट के पारित होने और चर्चा के दौरान मतदान से अनुपस्थित रहकर पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था। हालाँकि उप-चुनाव के माध्यम से सुधीर शर्मा और इंदर दत्त लखनपाल ने अपनी सीटें फिर से हासिल कर लीं, लेकिन अन्य चार फिर से चुनाव जीतने में असफल रहे। इन छह विधायकों ने 27 फरवरी, 2024 को हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन का भी समर्थन किया था। संशोधन के उद्देश्यों और कारणों का विवरण विधेयक की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है, जिसमें दलबदल को हतोत्साहित करने, संवैधानिक उल्लंघनों को रोकने, लोगों के जनादेश की रक्षा करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए 1971 अधिनियम में प्रावधानों की अनुपस्थिति का हवाला दिया गया है।

# नहीं मिल रही केजरीवाल से मिलने की अनुमति

## आप सांसद संजय सिंह खटखटाया कोर्ट का दरवाजा, लगाया बड़ा आरोप

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अधिकारियों ने उन्हें तिहाड़ जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने की अनुमति नहीं दी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को नोटिस जारी किया और उन्हें जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले की सुनवाई 9 सितंबर, 2024 को तय की।





संजय सिंह की ओर से पेश होते हुए, वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा ने प्रस्तुत किया कि संबंधित अधीक्षक ने मनमाने ढंग से और अनुचित तरीके से संजय सिंह द्वारा दिल्ली जेल नियम, 2018 के नियम 588 का हवाला देकर और यह कहते हुए मांगी गई लगातार दो अनुमतियों से इनकार कर दिया कि वह एक 'पूर्व कैदी' हैं। इनकार के लिए लिखित में कोई कारण नहीं दिया गया और नियम 616 कारणों को दर्ज करना अनिवार्य बनाता है। 'पूर्व कैदी' शब्द को दिल्ली कारागार अधिनियम, 2000 या दिल्ली कारागार नियम, 2018 में परिभाषित नहीं किया गया है।

याचिकाकर्ता राज्यसभा में मौजूदा सांसद हैं। वह समुदाय के एक प्रतिष्ठित सदस्य, कट्टर राष्ट्रवादी और आम आदमी पार्टी के सदस्य भी हैं। सिंह ने याचिका के माध्यम से कहा कि याचिकाकर्ता के साक्षात्कार के अधिकार से बार-बार इनकार करना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत निहित उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है क्योंकि मौलिक 'जीवन का अधिकार' अपने दायरे में अपने परिवार के सदस्यों से मिलने का अधिकार भी लेता है। /मित्र जो जेल में हिरासत में हैं। दिल्ली जेल नियम 2018 को दिल्ली जेल अधिनियम, 2000 की धारा 71 के तहत प्रत्यायोजित कानून के माध्यम से तैयार किया गया है। अध्याय क के तहत दिल्ली जेल अधिनियम, 2000 साक्षात्कार और पत्रों से संबंधित है।

आप नेता ने आज कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेजने के पीछे एक गहरी साजिश है। उनकी जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

# राहुल गांधी के कश्मीर दौरे से गदगद फारूक अब्दुल्ला

### बोले- कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का गठबंधन मजबूरी नहीं, जरूरी है

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर सियासत तेज हो गई है। विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर के दौरे पर जाने वाले है। राहुल गांधी के जम्मू-कश्मीर दौरे को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला गदगद नजर आ रहे है। उन्होंने कहा कि मैं उनसे मिलने जा रहा हूं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच जो गठबंधन हुआ है उसमें हम सफल होंगे। ये हमारे पूरे देश के लिए एक बड़ी आवाज है। पूर्व सीएम ने कहा कि यह उन लोगों के मुंह पर तमाचा है जो कहते थे कि हम पाकिस्तानी हैं, खालिस्तानी हैं। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारत के लोग समझेंगे कि हम चाहते हैं कि राज्य प्रगति करे और इस समस्या से बाहर निकले। मैंने पहली बार राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बनते देखा है, हमें राज्य का दर्जा वापस लाना है और हम इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह (कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन) मजबूरी नहीं बल्कि जरूरत है, हम सबको साथ लेकर चलना है।

# 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में विश्व भर से जुटेंगे खरीदार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

वाराणसी। इतिहास से भी प्राचीन होने का गर्व संजोने वाली काशी जितना आध्यात्म, धर्म, परंपरा और संस्कृति के लिए जानी जाती है, लेकिन काशी की पहचान उसके पारंपरिक हस्तशिल्प उत्पादों से भी पूरे विश्व में है। काशी की प्राचीन, पारंपरिक हस्तशिल्प व आधुनिक उत्पाद ग्रेटर नोएडा में होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में रंग बिखेरने के लिए तैयार है। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने जा रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में विश्व भर से आने वाले खरीदार बनारस के परंपरागत कारीगरों के हुनर और आधुनिक उत्पादों को देखेंगे। इससे हस्तशिल्पियों समेत अन्य उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार मिलेगा। वाराणसी से वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट, निर्यातकों समेत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग के 29 उद्यमियों ने लोकल से ग्लोबल मार्केट में अपना उत्पाद ले जाने के लिए पंजीकरण करा चुके है। पंजीकरण के अभी और बढ़ने की संभावना है।

### हुनर को ग्लोबल मार्केट का मिलेगा एक्सेस

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार काशी के पारम्पारिक हस्त शिल्पियों के हुनर को लोकल के साथ ही ग्लोबल मार्केट में एक्सेस बढ़ाने का मार्ग सुनिश्चित कर रही है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट, जीआई उत्पाद समेत अन्य उद्यमियों के लिए इंटरनेशनल प्लेटफार्म देने जा रही है। ग्रेटर नोएडा में होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में वाराणसी के उत्पाद नई उड़ान भरने के लिए तैयार है। जिला उद्योग केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में 15 हस्तशिल्प वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के, 6 सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम के (जिसमे लकड़ी के खिलौने, गुलाबी मीनाकारी, व सिल्क उद्योग से जुड़े है) और 8 निर्यातक बनारसी सिल्क साड़ी तथा कालीन उद्योग से जुड़े उद्यमी शामिल हो रहे है। उद्योग विभाग में अभी तक कूल 29 उद्यमियों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में महिला उद्यमियों के लिए खास स्टाल लगाया जा रहा है।

### वाराणसी के उत्पादकों की यह है राय...

कमाल्या टेक्सटाइल और पनाया ब्रांड के निदेशक वीरेंदर अग्रवाल ने बताया कि ओडीओपी और जीआई उत्पाद बनारसी साड़ी को इंटरनेशनल ट्रेड शो में शोकेस करेंगे। जिससे बनारस की विरासत पूरी दुनिया देखे। सदियों पूर्व काशी राजपरिवार, उदयपुर, जयपुर आदि राजघरानों में पहने जानी वाली साड़ियों को रिवाइव करके खास यूपी इंटरनेशल ट्रेड के लिए बनाई जा रही है।

# रेलवे कर्मियों-पेंशनर्स के लिए खुशखबरी

## 100 रुपये में बनेगा यूनिक कार्ड, एम्स में मिलेगा फ्री इलाज

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय रेलवे ने अपने कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। रेलवे अब अपने सभी कर्मचारियों, उनके आश्रितों और पेंशनभोगियों को विशिष्ट चिकित्सा पहचान (यूएमआईडी) कार्ड जारी करेगा, जिसके माध्यम से वे रेलवे पैनल में शामिल अस्पतालों और देश के सभी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) में मुफ्त इलाज करा सकेंगे। यह कार्ड महज 100 रुपये की लागत से बनवाया जा सकता है। इस नई व्यवस्था से रेलवे के करीब 12.5 लाख कर्मचारियों, 15 लाख से ज्यादा पेंशनभोगियों और करीब 10 लाख आश्रितों को फायदा होगा।





यह निर्णय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की शिकायतों के बाद लिया गया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि डॉक्टर अपने पसंदीदा अस्पतालों के लिए रेफरल जारी करते हैं। नई नीति के तहत अब बिना रेफर के इलाज संभव होगा। इससे उन्हें बिना किसी बाधा के चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी और डॉक्टरों की रेफरल संबंधी शिकायतों का भी समाधान हो जाएगा। पीजीआईएमईआर चंडीगढ़, जिपमर पुडुचेरी, एनआईएमएचएएनएस बेंगलुरु जैसे राष्ट्रीय संस्थानों और देश के 25 एम्स में इलाज के लिए किसी रेफरल की आवश्यकता नहीं होगी। इन संस्थानों में न सिर्फ इलाज बल्कि जरूरी दवाएं भी मुहैया कराई जाएंगी।

सोमवार को, रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (परिवर्तन) प्रणव कुमार मलिक ने विशिष्ट चिकित्सा पहचान (यूएमआईडी) कार्ड के तत्काल रोलआउट के लिए एक निर्देश जारी किया। इस पहल का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए चिकित्सा पहचान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना है। इसे स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) के साथ एकीकृत करके, यूएमआईडी कार्ड को सरकार द्वारा समर्थित डिजिटल स्टोरेज प्लेटफॉर्म डिजीलॉकर में सुरक्षित रूप से संग्रहीत किया जाएगा जो महत्वपूर्ण दस्तावेजों की सुरक्षा और पहुंच सुनिश्चित करता है। इस कार्ड के जरिए कर्मचारी, पेंशनभोगी या आश्रित रेलवे के पैनल में शामिल किसी भी अस्पताल या डायग्नोस्टिक सेंटर में इलाज करा सकेंगे। इस कार्ड का उपयोग आपातकालीन या सामान्य उपचार के लिए किया जा सकता है। अगर किसी के पास यूएमआईडी कार्ड नहीं है तो उसका यूएमआईडी नंबर भी इलाज के लिए मान्य होगा। विशेष परिस्थितियों में कुछ अस्पतालों के लिए रेफरल जारी किए जाएंगे, जो 30 दिनों के लिए वैध होंगे।

## लाखों रुपए कीमत का एबीसी केबिल चोरी, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में बीते दिनों लाखों रुपए कीमत का एबीसी केबिल चोरी होने की नादरगंज पावर हाउस के जेई राजकुमार ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जेई राजकुमार का कहना है कि बीती 3 अगस्त की रात सरोजनीनगर के अवध विहार कालोनी स्थित बिलाली मस्जिद के पास रखा एक ड्रम एबीसी केबिल चोरी हो गया। जानकारी होने पर सीसीटीवी कैमरा चेक किया गया तो पता चला कि नेवती टोला, अंसार नगर, सहादतगंज, खदरा निवासी फुरकान अहमद के लोडर वाहन (यूपी 32 पीएन 5664) के चालक सलमान अंसारी द्वारा इसे ले जाया गया। आरोप है कि सलमान अंसारी केबिल को चोरी छुपे लेकर करन कश्यप व गुड्डू कश्यप के स्टोर रूम पर पहुंचाया। जहां उसे काट दिया गया। चोरी हुए केबिल की कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई है। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में बीते सोमवार को डंपर की टक्कर से मौत के मुंह में समाए बाइक सवार युवक के मामले में उसके बड़े भाई ने डम्पर चालक के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताते चलें कि बीते सोमवार रात करीब 9 बजे सरोजनीनगर में नादरगंज तिराहे के पास एक डंपर ने कृष्णा नगर के अलीनगर सुनहरा स्थित दयालपुरी निवासी बाइक सवार रनवीर यादव (32) को ठोकर मार दी थी। जिससे घायल रनबीर की लोक बंधु अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक के बड़े भाई रामगोपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका छोटा भाई रनवीर लुलु मॉल के पास स्थित अपने सूडा कार्यालय से वापस लौट रहा था। तभी नादरगंज तिराहे पर डंपर ( यूपी 78 डीटी 6409) के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे रनवीर की मौत हो गई। इस मामले में सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज का डंपर नंबर के आधार पर उसके चालक की तलाश कर रही है।

# जमीन फजीवर्ाड़े में प्रापर्टी डीलर व सविंदाकर्मी समेत सात गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। तहसील के धौरहरा व गौरियाकला गांवो के किसानो की करोड़ो की बेशकीमती जमीन फर्जी तरीके से बिना किसी आदेश के रियल टाइम खतौनी में डिजिटल की के जरिये जालसाजो के नाम दर्ज करने के फजीवर्ाड़े में मास्टर माइंड प्रापर्टी डीलर व सविंदाकर्मी समेत सात लोगो को गिरफ्तार कर बुद्दवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी आरोपियो को जेल भेज दिया गया। जेल भेजे गये आरोपियो से पुछताछ के बाद पूरे फजीवर्ाड़े में एक बिचौलिये समेत सरकारी कर्मचारी का नाम भी सामने आया है।एसीपी ने बताया फजीवर्ाड़े में शामिल अन्य लोगो पर भी जांच के बाद कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

ज्ञात हो मोहनलालगंज तहसील के धौरहरा गांव में प्रेमावती सावित्री कृष्णावती और कलावती के नाम दर्ज करोड़ो की बेशकीमती साढे आठ बीघे के आस-पास जमीन को फरवरी में रियल टाइम खतौनी तैयार करते समय बिना किसी आदेश के उन सबका नाम गायब कर फर्जी किसान राम आधार निवासी धौरहरा के नाम दर्ज कर दी गयी थी.इसी तरह गौरियाकला के मृतक बृज किशोर की जमीन भी बिना किसी आदेश के डिजिटल की के जरिये फर्जी तरीके से चार फर्जी किसानो के नाम दर्ज कर दी गयी थी।दोनो गांवो में हुये फजीवर्ाड़े की शिकायत डीएम से हुयी थी जिसके बाद हड़कम्प मचा तो एसडीएम ने फर्जी इन्द्राज निरस्त कर जमीनो को वापस मूल किसानो के नाम खतौनी में दर्ज कराने के साथ ही राजस्व निरीक्षक हरेन्द्र सिंह से सविंदाकर्मी समेत जालसाजो के विरूद्ध कार्यवाही के लिये तहरीर दी थी, जिसके बाद पुलिस ने सविंदाकर्मी हेरम्ब शुक्ला समेत आधा दर्जन जालसाजो को हिरासत में लेकर पुछताछ शुरू की तो धौरहरा में करोड़ो की जमीन फजीवर्ाड़े में एक प्रापटी डीलर राम सुचित उर्फ राजन यादव निवासी भोगनाथपुरवा थाना गोसाईगंज का नाम सामने आया, पुलिस ने प्रापर्टी डीलर को हिरासत में लेकर कड़ाई से पुछताछ शुरू की तो वो टूट गया ओर एक बिचौलिये के जरिये तहसील के एक सरकारी कर्मचारी को एक लाख रुपए देकर साढे आठ बीघे जमीन फर्जी किसान राम आधार निवासी धौरहरा के नाम दर्ज कराने के बाद उससे अपने नाम एग्रीमेंट कराने की बात कबूली.जमीन बेशकीमती थी ओर वो उस पर प्लाटिंग कर करोड़ो कमाना चाहता था।वही गौरियाकला में मृतक किसान बृजकिशोर की जमीन फर्जी तरीके से अपने नाम कराने वाले जालसाजो मो०तबलीक, मो०गुफरान, खुर्शीद अहमद, मो०हसीब निवासीगण रसूलपुर टिकनिया मऊ थाना गोसाईगंज को हिरासत में लेकर कड़ाई से पुछताछ की तो चारो ने फर्जी तरीके से जमीन अपने नाम कराने के लिये 30-30हजार रुपए के हिसाब से 1लाख20हजार की रकम तहसील के एक सरकारी कर्मचारी को दिये जाने की बात कबूली।पुलिस ने दोनो ही गांवो की जमीनो के फजीवर्ाड़े की घटना में शामिल सविंदाकर्मी हेरम्ब शुक्ला, प्रापर्टी डीलर रामसुचित उर्फ राजन यादव, फर्जी किसान राम आधार, मो०तबलीक, मो०गुफरान, खुर्शीद अहमद, मो०हसीब को बुद्दवार को न्यायालय में पेश किया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।एसीपी रजनीश वर्मा ने जमीन फजीवर्ाड़े के मामले का खुलासा करने में अहम भूमिका निभाने वाले इंस्पेक्टर आलोक राव व वरिष्ठ उपनिरीक्षक यशवन्त सिंह समेत पूरी पुलिस टीम की पीठ थपथपाकर शबाशी दी।

## बेखौफ चोर ने भाजपा नेता के घर को बनाया निशाना

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बंथरा इलाके में मंगलवार रात बेखौफ चोर ने एक भाजपा नेता के घर को अपना निशाना बनाने की कोशिश की। लेकिन घर के लोगों की नींद खुल जाने से वह कामयाब नहीं हो सका। बल्कि दीवार फांदकर भाग निकला। वहीं दहशत में आए भाजपा नेता को अपनी लाइसेंसी राइफल से हवाई फायरिंग तक करनी पड़ गई। बंथरा के भटगांव निवासी व भाजपा अवध प्रांत के प्रान्तीय संयोजक गंगाराम भारती के मुताबिक मंगलवार रात सभी लोग घर के अंदर सो रहे थे। तभी रात करीब 1:45 बजे घर के मुख्य गेट के ऊपर से अचानक एक चोर घर के अंदर फांद गया। उसके कूदने की आवाज सुनते ही गंगाराम की बेटी की नींद खुल गई और उसने शोर मचा दिया। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर घर के सभी लोग जग गए और गंगाराम भारती राइफल लेकर निकल पड़े। इसी बीच चोर फिर गेट के ऊपर से ही बाहर कूद कर भाग निकला। हालाकि दहशत में आए गंगाराम ने इस दौरान अपनी लाइसेन्सी राइफल से हवाई फायरिंग कर दी। आवाज सुनकर आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गए। लेकिन तब तक चोर नौ दो ग्यारह हो चुका था। हालाकि चोर यहां से कुछ नहीं ले जा सका। गंगाराम का कहना है कि इस मामले की सूचना बंथरा पुलिस को भी दी गई। उधर बंथरा थाना प्रभारी राम सिंह ने ऐसी किसी भी घटना की जानकारी से साफ इनकार किया है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा कोई मामला हुआ होता तो पीड़ित सूचना देने के साथ ही थाने पर आकर रिपोर्ट जरूर दर्ज कराता। उन्होंने बताया कि 3 दिन पहले ऐसा मामला होना जानकारी में आया है। लेकिन थाने पर ना तो ऐसी कोई सूचना और ना ही तहरीर दी गई है।

## दो शातिर चोरो को किया गिरफ्तार, पांच मोबाइल फोन बरामद



अमन लेखनी समाचार

निगोहां। पुलिस ने बुद्दवार को दो शातिर चोरो को गिरफ्तार कर कई चोरी की घटनाओ का खुलासा किया।पुलिस ने पांच चोरी के मोबाइल फोन भी बरामद किये।पुलिस ने दोनो शातिर चोरो को बरामद माल के साथ न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।ज्ञात हो निगोहां के अहिनवार गांव निवासी मोहित कुमार के घर से 2जून को दो मोबाइल फोन चोरी हो गये थे, पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा? दर्ज कर चोरो की तलाश के लिये पुलिस टीमो को लगाया गया था, बुद्दवार को थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार यादव ने पुलिस टीम के साथ निगोहां क्षेत्र में चोरी के मोबाइल फोन बेचने आये दो शातिर चोरो राहुल साहू निवासी औरांस, उन्नाव व सूरज निवासी पुरहिया थाना निगोहां को गिरफ्तार कर उनके पास से पांच चोरी के मोबाइल फोन बरामद किये।पुछताछ में दोनो शातिर चोरो ने निगोहां के अहिनिवार गांव से मोबाइल चुराये जाने की घटना को अजांम दिये जाने की बात कही।शातिर चोर सूरज के विरूद्व रायबरेली के बछरावां थाने में भी चोरी का मुकदमा दर्ज है।पुलिस ने दोनो शातिर चोरो को बरामद माल के साथ न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया।

## नवांगतुक ग्राम विकास अधिकारी की अगुवाई मे प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण की खुली बैठक आयोजित



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बुधवार को मोहनलालगंज विकासखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत करनपुर स्थित पंचायत भवन में ग्राम प्रधान मदन मोहन सिंह एवं नवांगतुक ग्राम विकास अधिकारी शुभम मिश्रा की अगुवाई में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण की खुली बैठक आयोजित की गई। खुली बैठक के दौरान नवांगतुक ग्राम विकास अधिकारी शुभम मिश्रा के साथ तेजतर्रार पंचायत सचिव शशांक शुक्ला ने ग्राम पंचायत सदस्यों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों को पात्रता के मापदंड के विषय में जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया। इस दौरान ग्रामीणों ने नवांगतुक पंचायत सचिव से प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) को लेकर पात्रता की श्रेणी को लेकर चर्चा की गई। खुली बैठक के दौरान ग्राम प्रधान मदन मोहन सिंह, ,नवांगतुक ग्राम विकास अधिकारी शुभम मिश्रा, ग्राम विकास अधिकारी शशांक शुक्ला, ग्राम रोजगार सेवक मुनेश कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूलता मिला महिला का शव

**माल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।एक निजी अस्पताल में झाड़ू पोछा का काम करने निकली महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



माल थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर निवासी रामआसरे की पत्नी कुसमा (42) लखनऊ में एक निजी अस्पताल में झाड़ू पोछा का काम करती है। रोज की तरह वह बुधवार सुबह करीब 7 बजे अस्पताल जाने के लिए घर से निकली थी। जिसका शव करीब एक घंटे बाद संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर रुदानखेड़ा पुलिया के पास आम के बाग में साड़ी के सहारे फंदे से लटकता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका कुसमा के बेटे ने बताया कि उसकी मां हमेशा अपना मोबाइल फोन अपने साथ रखती थी। लेकिन उस मोबाइल फोन का कहीं कुछ पता नही लगा और ना ही घटना स्थल पर मोबाइल फोन मिला। और वह मोबाइल नंबर भी बंद बता रहा है। जिससे मन में अनेकों प्रकार के सवाल उठ रहे हैं।

पति रामआसरे ने बताया कि कई महीनो से उसकी पत्नी की तनख्वाह अस्पताल से नहीं मिली थी जिससे वह तनाव में चल रही थी अक्सर यह बात परिवार के बीच रखती थी। आगामी महीनो में उसकी बेटी कामिनी की शादी होनी है जिसकी गोद भराई की रस्म भी पूरी चुकी थी। और शादी की तैयारियां चल रही थी जो खुशी का माहौल मातम में बदल गया। मृतका के परिवार में बेटी कामिनी (21) व बेटा सौरभ (18) है। जिनका रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक विनय चतुवेर्दी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## शुक्रवार को जबरौली दंगल में कई प्रदेशो के पहलवान पहुँचेंगे

**महिला पहलवानो की भी होगी कुश्ती**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, शुक्रवार को जबरौली गाँव के दंगल में कई प्रदेशों के पहलवानों का जमावड़ा रहेगा इस दंगल में पुरुष पहलवानो के साथ महिला पहलवान भी अपने दाव पेंच दिखायेगी आयोजक जबरौली ग्राम प्रधान रेनू अवस्थी ने बताया कि शुक्रवार को गाँव मे लगने वाले मेले ही दंगल का आयोजन हुआ है शाम 3 बजे से दंगल में देश के नामी पहलवान हिमाचल प्रदेश के बाबा लाठी नेपाल से लकी थापा पंजाब से विक्की मेरठ से बब्लू सहारनपुर से परवेज हरियाणा से मुन्ना टाइगर राजस्थान से कल्लू पालवान दिल्ली से मोंटी बनारस से शेर सिंह जैसे पुरुष पहलवानो के साथ ही पंजाब से महिला पहकवां ज्योति शर्मा हिमाचल प्रदेश से अल्का दिल्ली से दिव्या जैसी नामी पहलवान हिस्सा लेंगे।

# आशियाना में पकड़े गए 2 शातिर लुटेरे

**एक चेन, एक लॉकेट और 38 हजार रुपये बरामद**

**तीन थानों में मचा रखा था आतंक**

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ । आशियाना पुलिस ने हाल ही में महिला के साथ हुई चेन लूट का खुलासा करते हुए दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने आशियाना, पीजीआई गोमतीनगर में चार लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था।डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बुधवार को बताया कि आशियाना में रविवार को चेन स्नैचिंग की घटना सामने आई थी। पुलिस को आशियाना की घटना में बदमाशों का एक सीसीटीवी फुटेज मिला था जिसके आधार पर डीसीपी क्राइम और आशियाना पुलिस ने दबिश देना शुरू किया। इसी दौरान बुधवार सुबह जैसे ही मुखबिर ने सूचना दी कि दोनों बदमाश सर्पोटगंज पुल के पास हैं और किसी घटना को अंजाम दे सकते हैं तो पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हे गिरफ्तार कर लिया।तलाशी के दौरान उनके पास से लूटी गयी एक चेन, एक लॉकेट और लूट के जेवरात बेचकर इकट्ठा किए गये 38 हजार रुपए मिले साथ ही चोरी में इस्तेमाल की गयी बाइक भी मौके से बरामद हुई है। डीसीपी के मुताबिक पकड़े गये बदमाशों में अक्षय कुमार निगोहा का और कुलदीप पीजीआई थाना क्षेत्र के लौंगा खेड़ा तेलीबाग का निवासी है।

# पीएनसी कंपनी और यूपीपीसीएल की लापरवाही से विद्युत लाइन का पोल कार के ऊपर गिरा

**लॉ कॉलेज की शिक्षिका की कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त,**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में बुधवार को कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण में लगी पीएनसी कंपनी और यूपीपीसीएल की लापरवाही से विद्युत लाइन शिफ्टिंग के दौरान सर्वोच्च वोल्टेज विद्युत लाइन का भारी भरकम पोल गिरने से एक बड़ा हादसा होते होते बचा। हादसे में लॉ कॉलेज की शिक्षिका की कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना से लोगों में हड़कंप मच गया। गनीमत यह कि कार में कोई नहीं बैठा था, नहीं तो बड़ा हादसा हो जाता। बाद में पीएनसी अधिकारियों ने कार मालिक शिक्षिका को आर्थिक क्षति देकर मामला रफा-दफा कर लिया। बताते चलें कि बीते लंबे समय से पीएनसी कम्पनी द्वारा सरोजनीनगर और बंथरा इलाके में कानपुर एलिवेटेड रोड का निर्माण किया जा रहा है। बुधवार को पीएनसी और उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) द्वारा सरोजनीनगर के गौरी स्थित हीरालाल यादव लॉ कॉलेज के पास 125000 वोल्टेज विद्युत लाइन के खंबे को शिफ्टिंग का काम किया जा रहा था। आशियाना में रहने वाली व हीरालाल यादव लॉ कॉलेज की शिक्षिका नीलम माया रोज की तरह बुधवार को भी अपनी ईको कार कॉलेज के बाहर गेट के पास खड़ी कर अन्दर पढ़ाने चली गयी। तभी पूर्वाहन करीब 11:45 बजे विद्युत लाईन का पोल शिफ्टिंग के दौरान क्रेन का वायर अचानक टूट गया और वायर टूटने से भारी भरकम पोल छूटकर नीचे खड़ी कर पर जा गिरा। हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालाकि उधर से गुजर रहे राहगीर बाल बाल बच गए। घटना के बाद बड़ी संख्या में राहगीर और कॉलेज के शिक्षक व छात्र मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीएनसी कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान कानपुर से लखनऊ की ओर आने वाली कानपुर रोड की एक पटरी पर भयंकर जाम भी लग गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझा बुझाकर किसी तरह शांत किया। बाद में पीएनसी अधिकारियों ने कार मालिक छात्रा को आर्थिक मदद देकर उससे सुलह समझौता करा लिया। बताते हैं कि गौरी स्थित हीरालाल यादव लॉ कॉलेज के बगल से गुजर रही 125000 वोल्टेज की विद्युत लाइन लखनऊ - कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण में आड़े आ रही है। पीएनसी कंपनी द्वारा बुधवार को इस लाइन की शिफ्टिंग को लेकर विद्युत लाइन का तार ऊंचा करने के लिए भारी भरकम लोहे का पोल लगाया जा रहा था। तभी क्रेन का तार अचानक टूट गया और भारी भरकम काफी वजन पोल नीचे खड़ी छात्रा की कार पर आ गिरा। हादसे में पूरी कार क्षतिग्रस्त हो गई। बताते चलें कि पीएनसी कंपनी की लापरवाही के कारण सरोजनीनगर और बंथरा में अब तक तमाम छुटपुट हादसे हो चुके हैं। बंथरा इलाके में गर्डर गिरने के साथ ही कई वाहनों के ऊपर लोहे के बड़े-बड़े टुकड़े भी गिर चुके हैं। ऐसी ही एक घटना से बंथरा थाने में तैनात दरोगा भी घायल हो चुका है। लेकिन इसके बावजूद पीएनसी अधिकारियों / कर्मचारियों की लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही। वहीं इसकी वजह से आए दिन सड़क पर भीषण जाम की समस्या उत्पन्न रहती है। जिससे राहगीरों को भयंकर जाम का सामना करना पड़ रहा है।

# यूपी में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों की बल्ले-बल्ले, 20 लाख तक की सब्सिडी देगी सरकार

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खरीदने वालों को सब्सिडी मिलने का रास्ता साफ हो गया है। परिवहन विभाग ने इसका पोर्टल शुरू कर दिया है। सब्सिडी उन्हीं वाहन स्वामियों को मिलेगी, जो आनलाइन आवेदन करेंगे। इसका लाभ करीब 50 हजार से अधिक वाहन स्वामियों को मिलेगा। इलेक्ट्रिक वाहन पर सब्सिडी लेने के लिए उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन क्रय सब्सिडी पोर्टल पर आवेदन करना होगा।

सब्सिडी केवल एक ही वाहन पर दी जाएगी। एग्रीग्रेटर्स/फ्लीट आपरेटरों को यह खरीद सब्सिडी अधिकतम दस दो पहिया या चार पहिया की खरीद पर और अधिकतम पांच ई-बस या ई-गुड्स कैरियर खरीदने पर दी जाएगी। जुलाई में शासन ने ईवी खरीदने वालों को सब्सिडी देने के लिए आदेश जारी किया, अब पोर्टल फिर से खोला गया है।

### वाहन खरीदते ही करें आवेदन

सहायक परिवहन आयुक्त नरेश कुमार ने बताया कि ईवी ग्राहक खरीदारी के समय ही सब्सिडी के लिए आवेदन कर दें। उनकी फोटो, आधार कार्ड व बैंक खाता अनिवार्य है। डीलर के यहां से ही आवेदन करना होगा।

### ई-रिक्शा को नहीं मिलेगी सब्सिडी

इलेक्ट्रिक वाहनों में सिर्फ ई-रिक्शा को ही सब्सिडी नहीं मिलेगी। वजह, सब्सिडी ईवी को प्रमोट करने के लिए दी जा रही, जबकि ई-रिक्शा बिना प्रमोशन के ही इतनी अधिक संख्या में बिक चुके हैं कि आवागमन में समस्या बने हैं।

### इन वाहनों को मिलेगी सब्सिडी वाहन

सब्सिडी दोपहिया - 5000
चार पहिया - एक लाख
ई-बस गैर सरकारी - 20 लाख
ई-गुड्स कैरियर - एक लाख
इतने ईवी की हो चुकी बिक्री
अप्रैल से जुलाई 2024 तक - 7748
अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक - 82093

# यूपी के लोगों को मिले निर्बाध बिजली आपूर्ति

**विभाग के कार्यों की थर्ड पार्टी जांच कराने के दिए निर्देश जारी**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए कराए जा रहे कार्यों की थर्ड पार्टी से जांच कराई जाएगी। पावर कारपोरेश के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने कहा कि गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए हर एक कार्य की जांच जरूरी है। गोयल ने बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नंबर 1912 को और प्रभावी बनाने के लिए शिकायतों के निस्तारण के साथ ही पांच हजार उपभोक्ताओं से फीडबैक लेने के भी निर्देश दिए हैं।

### शिकायतों का जल्द किया जाए निपटारा

शक्तिभवन में आयोजित समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने कहा कि शिकायतों को तय अवधि में निस्तारित किया जाए। निस्तारण में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। गोयल ने कहा कि बिजली के बकाए बिल की शत-प्रतिशत वसूली की जाए। जिन उपभोक्ताओं द्वारा अब तक एक बार भी बिल नहीं दिया गया है उनसे भी बकाया बिल जमा कराया जाए। अध्यक्ष ने सभी वितरण निगमों में विशेष कैंप लगाकर बिजनेस प्लान के तहत कार्यों के एग्रीमेंट कराकर तेजी से कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रबंध निदेशक पंकज कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। वितरण निगमों के अधिकारी वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

## संपत्ति का ब्योरा न देने वाले कर्मचारियों को मिली मोहलत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मियों को चल-अचल संपत्ति का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज करने के लिए एक माह का और समय दे दिया है। अब राज्य कर्मी 30 सितंबर तक अपनी संपत्ति का ब्योरा पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे। 31 अगस्त तक 74 प्रतिशत कर्मियों ने ही अपना विवरण भरा था। 26 प्रतिशत कर्मचारी ऐसे हैं जिन्होंने संपत्ति की जानकारी नहीं दी। एक माह का समय मिलने से संपत्ति न बताने वाले लगभग 2.45 लाख कार्मिकों को अगस्त माह का वेतन मिलने का रास्ता साफ हो गया है। दरअसल, सरकार ने राज्य कर्मियों को संपत्ति की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने की समय सीमा 31 अगस्त तय की थी।

## संक्षेप

### कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ हत्या का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। श्री नगर निवासी 26 वर्षीय चेतन मार्च महीने में अपने घर से निकला था और उसके बाद से लापता हो गया था। कई दिनों की खोजबीन के बाद, उसका शव गंगा नदी में पुराने पुल के नीचे पाया गया। परिवार वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पिता जगदीश ने बताया कि उनका बेटा 25 मार्च को घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। परिवार ने गंगाघाट पुलिस से शिकायत की लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लिया और गंगाघाट कोतवाली पुलिस को निर्देश दिया कि सात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाए। इस निर्देश पर पुलिस ने गांधी नगर के मोनू, उज्ज्वल शुक्ला, नन्दू, गौतम, सचिन, विकास, और अभिषेक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

### विद्यालय परिसर में आयोजित हुआ अलंकरण समारोह

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। आनंद नगर स्थित शिवम कॉन्वेंट स्कूल में सत्र 2024-25 का छात्र अलंकरण समारोह आयोजित हुआ। जहां स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को उनकी जिम्मेदारियां दी गई। जिसमें कक्षा आठ के विश्वजीत पांडे बने हेड बाय, अंशिका मिश्र बनी हेड गर्ल, येलो हाउस कैप्टन बने अनमोल रत्न, ब्लू हाउस कैप्टन बनी जरीन बनो, ग्रीन हाउस कैप्टन बने रितिक, रेड हाउस कैप्टन बनी इल्मा बनो बनी। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्या रश्मि शुक्ला ने बच्चों को मार्गदर्शन किया और साथ ही साथ विद्यालय के डायरेक्टर अंकुर शुक्ला ने उन्हे जिंदगी में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह का संचालन व्यवस्थापक ऐश्वर्य शुक्ला ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे।

### अवैध कच्ची शराब बेचते महिला गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत आबकारी विभाग द्वारा की गई छापेमारी में एक अभियुक्ता को दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना बिहार क्षेत्र के तेवरिया गाँव में मुखबिर की खास सूचना पर आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह के नेतृत्व मयहम फोर्स छापा मारा गया जिसमें तेवरिया गाँव निवासिनी कांति पुत्री राजाराम के पास से प्लास्टिक के पाऊचों में अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। विक्रेता ने बताया वह कई दिनों से इसी प्रकार शराब बेच रही है। विक्रेता के पास से दस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए थाना बिहार में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया।

# बदलते मौसम में बढ़ रही है मरीजों की संख्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बदलते मौसम के साथ वायरल फीवर, डेंगू, बुखार और खांसी के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। इस स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है और आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला अस्पताल में डेंगू के मरीजों के इलाज के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं, और अस्पताल के विभिन्न विभागों में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला अस्पताल के सीएमएस (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक) रियाज अली मिर्जा ने स्वास्थ्य महकमे को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में डेंगू के मरीजों के लिए 6 बेड सुरक्षित किए गए हैं। इसके अलावा, ओपीडी (आउट पेशेंट डिपार्टमेंट) में डॉक्टरों को मरीजों का बेहतर उपचार प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। सीएमएस रियाज अली मिर्जा ने कहा, "हमने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

बदलते मौसम के कारण मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, और हम इस स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हमारी प्राथमिकता है कि मरीजों को त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सुविधा मिले।" उन्होंने यह भी बताया कि इमरजेंसी वार्ड में भी मरीजों को बेहतरीन चिकित्सा प्रदान करने के लिए चिकित्सक और अन्य स्टाफ को सतर्क किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने वायरल फीवर, डेंगू, बुखार, और खांसी के मामलों से निपटने के लिए विभिन्न उपाय किए हैं। अस्पताल में दवाओं और अन्य चिकित्सा सामग्री की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही, जनस्वास्थ्य के अधिकारियों ने लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न अभियान चलाए हैं। लोगों को सुझाव दिए गए हैं कि वे अपने घरों में साफ-सफाई रखें, मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं, और अगर किसी को बुखार या अन्य लक्षण दिखें तो तुरंत चिकित्सीय सलाह लें। स्वास्थ्य विभाग ने यह भी सुनिश्चित किया है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर भी आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता मिल सके। डेंगू और अन्य मौसमी बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं और घर-घर जाकर जागरूकता फैलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जनस्वास्थ्य अधिकारी ने यह भी बताया कि यदि किसी भी व्यक्ति को वायरल बुखार, खांसी, या अन्य लक्षण महसूस होते हैं, तो उसे तुरंत जांच करवानी चाहिए और चिकित्सा सलाह लेनी चाहिए। इसके अलावा, नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वच्छता बनाए रखना इन बीमारियों से बचाव का एक महत्वपूर्ण तरीका है।

## छत से गिरकर मासूम बालिका की हुई मौत परिजनों में शोक

बांगरमऊ, उन्नाव। छत से गिरकर एक मासूम बुरी तरह से जख्मी हो गई। जिसे अस्पताल के डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद शव लेकर परिजन घर को चले गए। बांगरमऊ नगर के मोहल्ला पूर्विया टोला निवासी अतीक की चार वर्षीय पुत्री जुबैरा बुधवार को सुबह अपने घर पर खेल रही थी तभी किसी तरह गिरकर बेसुध हो गई। आनन फानन में परिजन उसे लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे। जहा पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। वही लोगों में चर्चा है कि बच्ची का कुछ स्वास्थ्य खराब चल रहा था जिसमें उन्होंने किसी निजी चिकित्सक के पास दवा ली थी। आशंका जताई जा रही है कि इसी के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। हालांकि परिजनों द्वारा किसी भी तरह की कानूनी कार्यवाही के लिए रुचि नहीं ली जा रही है तथा बच्ची के शव को घर लेकर चले गए।

# तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का पानी कम होने से कचरे की समस्या

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जुलाई और अगस्त माह में गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी बिंदु 112 को पार कर गया था, जिससे तटवर्ती इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। हालांकि, अब गंगा के जलस्तर में गिरावट आ गई है, लेकिन बाढ़ के पानी के उतरने के बाद भी निचले इलाकों में काई और कचरे की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। इस स्थिति से स्थानीय निवासियों को संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। गंगा के जलस्तर में वृद्धि के कारण गोताखोर, शाह नगर, मोहम्मद नगर, कर्बला, हुसैन नगर, सैय्यद कम्पाउंड, चंपा पुरवा, तेजी पुरवा, और मनसुख खेड़ा जैसे निचले इलाकों में बाढ़ का पानी भर गया था। बाढ़ के पानी के उतरने के बाद भी इन इलाकों में गलियों और सड़कों पर काई और गंदगी जमा हो गई है, जिससे नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी और काई के कारण मच्छरों की संख्या में भी बढ़ोतरी हो गई है, जिससे स्थानीय निवासियों को मच्छरदानी का उपयोग करने पर मजबूर होना पड़ा है। हालांकि पानी और मच्छरों की भरमार के कारण इन इलाकों में संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अभी तक पालिका की ओर से एंटी लार्वा का छिड़काव नहीं कराया गया है, जिससे मच्छरों की समस्या और गंभीर हो गई है। इस संबंध में एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एंटी लार्वा और चूने के छिड़काव के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मच्छरों की समस्या को देखते हुए जल्द ही फॉगिंग कराई जाएगी। प्रशासन इस मुद्दे को गंभीरता से ले रहा है और जल्द ही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। निवासियों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि वे त्वरित और प्रभावी कदम उठाएं ताकि संक्रामक बीमारियों से बचाव किया जा सके और गंदगी की समस्या का हल किया जा सके। उन्होंने नियमित रूप से साफ-सफाई और कचरे की निपटान की व्यवस्था करने की भी मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

# सड़क पर अतिक्रमणकारियों पर की गई कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कोतवाली के पास बंजारों द्वारा सड़क पर फैलाए गए अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। एडीएम अतिरिक्त, सिटी मजिस्ट्रेट और सदर कोतवाली प्रभारी की एक संयुक्त टीम ने अतिक्रमणकारियों को सड़क पर फैले ठेले, दुकानें और अन्य वस्तुएं हटाने का निर्देश दिया।यह कार्रवाई जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देशन में की गई, जिन्होंने शहर की साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था को प्राथमिकता दी है। प्रशासन ने गांधी नगर तिराहा और प्रमुख चौराहों पर अतिक्रमणकारियों को अल्टीमेटम जारी किया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि अतिक्रमणकारियों ने दोबारा सड़क पर अतिक्रमण किया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू किया है ताकि शहर की साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था में सुधार हो सके।अतिक्रमण हटाने के इस अभियान के पहले चरण में, प्रशासन ने बंजारों द्वारा सड़क पर लगाए गए ठेले और अन्य वस्तुएं हटवा दी हैं। अतिक्रमण ने न केवल यातायात में बाधा डाली, बल्कि नागरिकों की दिनचर्या और सुरक्षा को भी प्रभावित किया था। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने त्वरित और प्रभावी कदम उठाए हैं। सफाई अभियान के तहत कचरे और अवैध सामान को हटाकर इलाके को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने का प्रयास किया जाएगा।सदर कोतवाली प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने कहा, हमने बंजारों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे सड़क पर अतिक्रमण न करें। अतिक्रमण से शहर की यातायात व्यवस्था और नागरिकों की सुविधा प्रभावित होती है। इस अभियान के तहत हम अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ नागरिकों को भी जागरूक कर रहे हैं कि वे अतिक्रमण न करें और नियमों का पालन करें।

# पेड़ पर गिरी आकाशीय बिजली एक की मौत, दूसरा घायल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के एक गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक अधेड़ युवक की मौत हो गयी जबकि दूसरा युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार हेतु सीएचसी पाटन ले जाया गया

बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अलावलपुर- मंडपहा के कन्हई लाल शर्मा 58 वर्ष पुत्र बजरंगी शर्मा के ऊपर आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर ही मौत हो गयी जबकि मुन्नू सैनी पुत्र पराग सैनी गंभीर रूप से घायल हो गया। बुधवार दोपहर करीब 3 बजे मौसम में अचानक परिवर्तन हो गया और आसमान में घनघोर बादल छा गए। एकाएक बादलों में गड़गड़ाहट के साथ



तेज बारिश शुरू हो गयी। तेज बारिश से बचने के लिए जानवर चरा रहे कन्हई लाल व मुन्नी पास में ही बनी बारादरी के पास नीम के पेड़ के नीचे छिप गए। तभी अचानक आकाशीय बिजली पेड़ के ऊपर आ गिरी जिसमें कन्हई लाल शर्मा की मौके पर ही मृत्यु हो गई और मुन्नू सैनी गंभीर रूप से झुलस गया। गांव के लोगों को जब यह जानकारी मिली तो आनन फानन घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। चौकी पाटन पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कन्हई लाल कर शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जबकि घायल मुन्नू सैनी को उपचार हेतु सीएचसी भेजा गया जहाँ उसकी हालत अब सामान्य बतायी जा रही है। मृतक कन्हई के दो लड़के अमित व सुमित हैं जो रोजी रोटी के लिए बाहर रहकर जीवन यापन कर रहे है। मृतक की पत्नी मुन्नी देवी सहित पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

# नब्बे लीटर अवैध शराब समेत महिला व युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर के कुशल नेतृत्व में निशांत सिंह आबकारी निरीक्षक पुरवा व थाना मौरावां पुलिस के साथ ग्राम संदाना, पखरी व असरेंदा में एकबारगी दबिश देते हुए कुल 90 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए मौके से तारावती पत्नी रामनरेश संदीप कुमार पुत्र बाबू राम को गिरफ्तार किया वही लगभग 250किग्रा लहन महुआ को भी मौके पर नष्ट किया गया।

# स्ट्रीट लाइट के खंभे पर लटकता मिला अज्ञात युवक का शव

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नवीन मंडी पुल पर बुधवार की सुबह एक युवक का खम्भे से शव लटकता मिला है। राहगीरों की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और खम्भे से लटके युवक का शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेजा है। मृतक के सिर पर गम्भीर धारदार हथियार से वार के निशान पाए गए हैं। प्रथमदृष्टया हत्या होना पाया गया है। फिलहाल पुलिस शिनाख्त कराने के साथ ही घटना की जांच में जुटी है।किला चौकी क्षेत्र के अर्न्तगत नवीन मंडी पुल पर एक 40 वर्षीय युवक का बुधवार की सुबह स्ट्रीट लाइट के खम्भे से फांसी के फंदे से शव लटकता मिला। राहगीरों ने शव को देखने के बाद घटना की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद कोतवाली और दही थाने की भी पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिसकर्मियों ने फंदे से लटक रहे शव को नीचे उतारा तो सिर खून से लथपथ मिला।कयास लगाए की किसी अन्य जगह पर हत्या करने के बाद युवक के शव को लाकर यहां लटका दिया गया। फांसी का रूप दे दिया गया। पुलिस ने मृतक के शव की आस पास के लोगों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी।व्यक्ति ने हॉफ पैंट और ओरेंज टी-शर्ट पहन रखी है। युवक के सिर पर किसी भारी चीच से वार किया गया है। इसके साथ ही धारदार हथियार से काटा भी गया है। उसके सिर से खून निकल रहा था। व्यक्ति की लाश बीच हाइवे पर खंभे से लटकाई गई है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मॉच्युरी के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर कोतवाली प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया- मामला संदिग्ध है। कई पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।घटना के बाद पुलिस मृतक की शिनाख्त के साथ ही घटना को अंजाम देने वाले शातिरों की तलाश में जुट गई है। हाईवे की तमाम दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही शिनाख्त कराने के साथ ही घटना का सफल अनावरण भी किया जाएगा। सीओ सोनम सिंह ने कहा- शव की पहचान नहीं हो पाई है। जल्द ही शिनाख्त कराने के साथ ही घटना का सफल अनावरण भी किया जाएगा।

# 50 कर्मियों की दो टीमें शहर में करेगी साफ सफाई

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शहर में आउटसोर्सिंग व्यवस्था को तीन भागों में बांटा जा रहा है।153 कर्मियों की तैनाती के लिए नई फर्म चयनित की गई है। इसमें 50 कर्मियों की दो टीमें रात में सफाई का काम करेंगी। जबकि 103 कर्मियों की भर्ती मल्टीटास्किंग में हुई है।इसमें चालक, एक्सपर्ट आदि है। ईओ का कहना है कि बढ़ते शहरी क्षेत्राफल व जनसंख्या को देखते हुए सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाना जरूरी है। रात में सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो, इसके लिए एक टेंडर 50 कर्मियों का किया गया है।

शहर पालिका क्षेत्र के 32 वार्डों में 4.30 लाख आबादी है। इसके लिए 259 आउटसोर्सिंग कर्मियों का ठेका पिछले साल बाजपेई टेडर्स को हुआ था। वार्ड प्रतिनिधियों साथ कई जगह जनता का आरोप था कि कर्मी सही से काम नहीं कर रहे। संख्या बल कम होने से वार्डों में कूड़ा उठान आदि बंद है।इसी पर पालिकाध्यक्षा श्वेता मिश्रा ने ईओ और सभासदों से बातकर कर्मियों की संख्या बढ़ाने पर योजना बनवाई। 103 मल्टीटास्किंग कर्मियों का एक टेंडर निकाला गया। प्रक्रिया पूरी होने पर फर्म का चयन हो गया। अफसरो के मुताबिक कर्मियों की तैनाती कूड़ा उठान में उपयोग होने वाले ई रिक्शा चालक के रूप में होगी। कई कार्यालय के कार्य हेतु भी इन्हें लगाया जाएगा। चमकाएंगे मार्ग-बाजार शहर में सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए नगर पालिका की ओर से रात में सफाई करने का प्लान बनाया गया है। अब शहर के मुख्य मार्गों को रात में साफ किया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग रूट निर्धारित किए गए हैं।शहर के बड़ा चौराहा और छोटा चौराहा पर सोमवार देर रात सफाई कराई गई। इसमें काम में 25-25 सफाई कर्मियों की दो टीमों की ड्यूटी लगाई गई है। अध्यक्षा ने बताया कि ओम टेडर्स नामक संस्था इसकी देखरेख करेगी। रात में वाहनों की आवाजाही नहीं होती है। इससे समुचित सफाई हो सकेगी।

# जिला कारागार में रोटरी क्लब के सहयोग से वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला कारागार में बंदियों के कल्याण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों के तहत, रोटरी क्लब कानपुर ने एक विशेष पहल की। रोटरी क्लब के सहयोग से कारागार में निरुद्ध महिला बंदियों और उनके साथ निरुद्ध बच्चों के लिए एक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य महिला बंदियों और उनके बच्चों की दैनिक जरूरतों को पूरा करना था। रोटरी क्लब कानपुर ने महिला बंदियों को साड़ी और चप्पल, जबकि उनके बच्चों को तौलिए, कपड़े, चॉकलेट, चिप्स और फूटी जैसी चीजें वितरित कीं। इस वितरण कार्यक्रम ने न केवल बंदियों के जीवन में खुशियां लाने का प्रयास किया बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार की भी उम्मीद जताई। कार्यक्रम के समापन पर, जेल अधीक्षक पंकज कुमार सिंह ने रोटरी क्लब के पदाधिकारियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा, ‟रोटरी क्लब का यह कार्य वास्तव में सराहनीय है। इससे न केवल बंदियों को राहत मिली है, बल्कि उनके बच्चों को भी खुशियां प्राप्त हुई हैं। इस प्रकार के सहयोग से बंदियों और उनके परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सकता है।‟इस आयोजन में रोटरी क्लब कानपुर के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, जॉइंट सेक्रेटरी जिमी भाटिया, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, और सदस्य अनूप जायसवाल और अमित दीक्षित की सम्मानित उपस्थिति रही। इन सभी ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जेल के अधिकारियों में अरुण कुमार मिश्रा (जेलर), राजेश राय (जेलर), प्रभा कांत पांडे (डिप्टी जेलर), अविनाश कुमार (डिप्टी जेलर), नीलम और ललिता (डिप्टी जेलर) ने भी इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लिया और कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न करने में सहयोग प्रदान किया।

# पुलिस आवास के मामले में उच्च न्यायालय ने सरकार को हलफनामा दाखिल करने के दिए आदेश

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के बेहटा मुजावर थाने में पुलिस आवास की धनराशि स्वीकृत किए जाने के संबंध में उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ की डबल बेंच ने उत्तर प्रदेश सरकार से 30 सितंबर तक हलफनामा दाखिल किए जाने का आदेश दिया। मालूम हो कि क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर आंबापारा (कुर्मिन खेड़ा) निवासी उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ के वरिष्ठ यश भारतीय अधिवक्ता व प्रमुख समाजसेवी फारूक अहमद एडवोकेट ने 16 जनवरी 2020 को एक जनहित याचिका संख्या 1171/2020 उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ में दायर की थी। जिसमें बेहटा मुजावर थाना की बिल्डिंग व पुलिस आवास बनाए जाने की मांग की गई थी। याचिका की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने दिनांक 18 जनवरी 2020 को सख्त आदेश पास किया कि पुलिस थाना बिल्डिंग व आवास के लिए उत्तर प्रदेश सरकार आवश्यक कदम उठाए। उसके बाद 29 जनवरी 2020 को उत्तर प्रदेश सरकार ने थाना बिल्डिंग के लिए 6 करोड़ 4 लाख रुपया स्वीकृत किया। धनराशि स्वीकृत हो जाने के बाद थाने की बिल्डिंग बन गई। 27 अगस्त 2021 को उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार से यह स्पष्ट करने को कहा कि अभी तक पुलिस आवास के लिए धनराशि स्वीकृत क्यों नहीं की गयी। जबकि थाना बिल्डिंग के लिए धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। तत्पश्चात दिनांक 11 सितंबर 2021 को उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार से जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा था जो अभी तक दाखिल नहीं किया गया। 3 सितंबर 2024 को उच्च न्यायालय लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति राजन राय व ओमप्रकाश शुक्ला की डबल बेंच ने सुनवाई की और उत्तर प्रदेश सरकार से कहा कि 30 सितंबर तक हर हाल में पुलिस आवास की धनराशि स्वीकृत किए जाने के संबंध में अपना हालफनामा दाखिल करे। तत्पश्चात सुनवाई के लिए केस सूचीबद्ध होगा।

## खुले तारो की चपेट मे आकर महिला झुलसी जिला अस्पताल रिफर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। घरेलू कार्य करते समय खुले तारो की चपेट में आकर एक महिला करेंट लगने से झुलस गई। जिसे बांगरमऊ अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गांव कांटा गुलजारपुर निवासी 25 वर्षीय जेबा पत्नी तबरेज घरेलू उपकरण लगाते समय खुले तारो की चपेट में आकर करेंट लगने से झुलस गई। जिसे परिजन बांगरमऊ अस्पताल लेकर गए जहा से उसे रेफर कर दिया गया।

## अतिशबाज के घर हुए विस्फोट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव करनाईपुर में 29 अगस्त को हुए आतिशबाजी विस्फोट में घायल सुनील पुत्र नन्हे ने भी बुधवार दोपहर को दम तोड़ दिया सुनील के मौत की खबर गांव पहुंचने पर कोहराम मच गया। करनाईपुर निवासी सुनील पुत्र नन्हे का मकान लाल कुआं, उच गांव मार्ग पर बना हुआ था 29 अगस्त को घर में रखी आतिशबाजी में विस्फोट हो जाने के चलते दो मंजिला मकान मलवे के ढेर में तब्दील हो गया था। मलवे के ढेर में दब गई सुनील की पत्नी बीना की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। बीना के तीन बच्चे प्रियांशु मयंक खुशी मां की मौत से उबर भी नहीं पाए थे कि बुधवार दोपहर लगभग 2:00 बजे पिता की मौत की खबर गांव पहुंचने से तीनों बच्चे सहम गए। पिता सुनील का इलाज दो दिन से संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान मे चल रहा था।तीनों बच्चे मृतक सुनील की ससुराल कुतुबुद्दीन गढ़वा में है। ससुर भानू प्रसाद सास सुन्दारा तीनों बच्चे सूचना के बाद से बदहवास हो गए।

## अज्ञात कारणों के चलते मूक बाधिर युवक ने लगाई फांसी परिजनो में मचा कोहराम

बांगरमऊ, उन्नाव। अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने घर के बाहर पेड़ से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव देवखरी निवासी 20 वर्षीय दीपू पुत्र कन्हैयालाल का शव बुधवार की सुबह गांव के निकट खेत में गूलर के पेड़ पर एक दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटकता हुआ पाया गया। घटना की सूचना से तमाम ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए तथा परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। ग्रामीणों में चर्चा है मृतक दीपू मूक बाधिर था। वह मुंह से बोल नही सकता था तथा उसे सुनने में भी समस्या होती थी।

# युवा उत्साह सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया जायेगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला युवा कल्याण एवं प्रा0 वि0 द0 अधिकारी ने बताया है कि युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा एक दिवसीय जनपद स्तरीय युवा उत्सव/सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन माह सितम्बर 2024 में कराया जाना है। युवा उत्सव/सांस्कृतिक कार्यक्रम में समूह, नृत्य, समूह गायन, एकल नृत्य, एकल गायन, कहानी-लेखन, कविता, भाषण एवं पेन्टिंग (चित्रकारी) आदि विधाओं में कलाकार प्रतिभाग कर सकते है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले युवाओं की उम्र 12 जनवरी 2025 को 15 से 29 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होने बताया है कि जनपद स्तरीय युवा उत्सव में विजयी प्रतिभागियों को मण्डल स्तर की प्रतियोगिता में शामिल किया जायेगा। मण्डल स्तर से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तर की प्रतियोगिता में शामिल किया जायेगा। जनपद के इच्छुक कलाकार/प्रतिभागी किसी भी कार्य दिवस में एक सप्ताह के अन्दर जनपद कार्यालय विकास भवन प्रथम तल कक्ष संख्या-63 व 64 में आवेदन पत्र प्राप्त अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते है। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए मो0नं0-7388055431 एवं कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर सम्पर्क कर सकते है।

# नही थम रहा बाइक चोरी का सिलसिला फिर हुई एक बाइक चोरी

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत भगवन्तनगर टाउन एरिया से बीती रात बाइक चोरी होने से सनसनी फैल गयी। पीड़ित ने चौकी प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले का खुलासा करने की मांग की है।बाइक चोरी की घटनाएं तहसील क्षेत्र में लगातार बढ़ती जा रही है। बीघापुर, बारासगवर के बाद अब भगवन्तनगर टाउन एरिया में भी बाइक चोरी की घटना सामने आई है। भगवन्तनगर के टाउन एरिया के वार्ड संख्या आठ की निवासिनी रेखा पांडेय पत्नी सतीश चंद्र पांडेय ने चौकी प्रभारी बृजेन्द्र सिंह को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनकी बाइक दरवाजे खड़ी थी बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा उनकी बाइक चुरा ली गयी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नही चल सका। चौकी प्रभारी बृजेन्द्र सिंह ने बताया आवश्यक कार्य की वजह से बाहर हू। प्रार्थना पत्र प्राप्त होते ही आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## सम्पादकीय

# तेजी से फैसले तभी आएंगे जब न्याय के ढांचे सुधरेंगे

भारत में सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय आजादी के 77 वर्ष बाद भी यक्ष प्रश्न है। भारत जितना बड़ा लोकतंत्र है, जितना बड़ा संवैधानिक राष्ट्र है, भारत में जितनी बड़ी जनसंख्या है, उसके अनुरूप सरकार ने देश में न्यायिक ढांचा खड़ा नहीं किया। यही कारण है कि आज भारतीय अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मामले पेंडिंग हैं, केस तीन वर्ष से बीस वर्ष तक सुनवाई के इंतजार में हैं। गरीबों के लिए इंसाफ तो दिवास्वप्न जैसा है। देश में पुलिस तंत्र व जांच प्रणाली इतनी पेचीदा है कि करोड़ों लोगों के मामले सुनवाई की चौखट तक पहुंच ही नहीं पाते हैं। यही कारण है कि भारतीय जेलों में विचाराधीन कैदियों की संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। पुलिस तंत्र का कामकाज का ऐसा तरीका है, जिसमें कभी दबाव में, कभी किसी पुलिस कर्मी के निजी स्वार्थ में, कभी जांच में पूर्वधारणा के चलते तो कभी पुलिस कर्मी की गलतियों के कारण लाखों बेकसूर आरोपी बनाए जाते हैं और वे विचाराधीन कैदी बनकर सालों साल जेल में सड़ते रहते हैं। आज जब देश की राजधानी नई दिल्ली में जिला न्यायालयों का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ तो समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए अदालतों में 'स्थगन की संस्कृति' को बदलने के प्रयास किए जाने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने देश की अदालतों में तारीख पर तारीख की संस्कृति में बदलाव का आह्वान किया है। पेंडिंग केस भारतीय अदालतों की कमजोर कड़ी हैं। सबसे खराब इन्फ्रास्ट्रक्चर व कार्यसंस्कृति जिला अदालतों में ही हैं। केस की पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं का करियर सबसे अधिक असुरक्षित है, जिसमें सरकार का न्यूनतम निवेश भी नहीं है। जिला अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक पब्लिक प्रोसिक्यूटर (सरकारी वकील) की भारी कमी है, केस की सुनवाई के लिए वकीलों के शुल्क का कोई सुनिश्चित तंत्र नहीं है, जिनका जो मन है, वो उतनी फीस वसूल रहे हैं। चूंकि केस की जांच के लिए न्यायालय पुलिस तंत्र पर निर्भर है, जबकि पुलिस की जांच प्रणाली अकुशल है। इन सबका असर न्याय व्यवस्था पर पड़ता है व तारीख दर तारीख की संस्कृति जन्म लेती है। फास्ट ट्रैक कोर्ट से भी इंसाफ में तेजी की बात नहीं बन रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिला अदालतों के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन में शनिवार को कहा कि दस वर्ष में उनकी राजग सरकार ने न्याय क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास में आठ हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है। पिछले 25 साल में जितनी राशि ज्यूडिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च की गई, उसका 75 प्रतिशत पिछले 10 सालों में ही हुआ है। पीएम ने यह भी कहा कि न्याय में देरी को खत्म करने के लिए बीते एक दशक में कई स्तर पर काम हुए हैं। इसके बावजूद भारतीय जिला अदालतों से लेकर उच्च न्यायालयों तक में अधिवक्ताओं, सरकारी वकीलों, सहायकों, जजों व इन्फ्रास्ट्रक्चरों की भारी कमी है। पुलिस जांच से लेकर अदालतों में न्याय की प्रक्रिया तक में भारी विसंगतियां हैं, खर्चीली है। यह राष्ट्रीय सम्मेलन सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुआ है, जिसमें सैकड़ों प्रबुद्ध कानूनविदों ने न्याय प्रणाली में सुधार व विकास पर विमर्श किया है। ऐसे सम्मेलनों की सार्थकता तभी है जब संविधान की आकांक्षा के अनुरूप देश के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को त्वरित इंसाफ सुनिश्चित हो सके। केवल बड़ी बातों व घोषणाओं से न्याय व्यवस्था की हालत नहीं बदलेगी। तेजी से फैसले तभी आएंगे, जब न्याय तंत्र का पूरा ढांचा दुरुस्त होगा।



विचार

केदार कश्यप

छत्तीसगढ़ में 70 प्रतिशत लोग कृषि और वनों से अपनी आजीविका प्राप्त करते हैं। प्रदेश में किसानों की संख्या का 70 प्रतिशत सीमांत और छोटे किसान हैं जिनके पास औसत एक एकड़ की खेतिहर भूमि है। इसलिए केवल खेती करके किसान अपनी आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव नहीं ला सकता। भाजपा की सरकार में किसानों को सहकारी बैंकों के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण की सुविधा दी है। धान के उत्पादन को न्यूनतन समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियां 'पैक्स' के माध्यम से खरीद रही है।

# सहकारिता से जनकल्याण होगा संभव

## बिना संस्कार नहीं सहकार। बिना सहकार नहीं उद्धार।।

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, इसलिए सहकार तो उसके मूल्य में है लेकिन जब आर्थिक गतिविधियों की बात होती है तब मनुष्य स्वार्थी हो जाता है। जिनके पास पूंजी है वह तो पूंजी से पूंजी कमाकर आर्थिक दृष्टि से सक्षम हो जाता है किंतु जिसके पास पूंजी नहीं है वह क्या करे? ऐसे में सहकार से उद्धार का भाव ही सही प्रतीत होता है।

छत्तीसगढ़ के बारे में कहा जाता है, इस अमीर धरती पर गरीब लोग रहते हैं। यह बात सही नहीं है, इस प्रदेश के लोग ऋषि और कृषि संस्कृति को मानने वाले हैं, प्रकृतिवादी हैं इसलिए जो प्रकृति से जीवनयापन के लिए मिल जाए संतुष्ट हो जाते हैं। लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के पीछे तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी का सपना था कि यह क्षेत्र आर्थिक दृष्टि से भी प्रगति करे। राज्य में 15 साल की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने चहुंओर विकास की यात्रा प्रारंभ की थी, जिसे विष्णुदेव साय की सरकार आगे बढ़ा रही है। केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में स्थापित करना है। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य उस महान यात्रा में कैसे पीछे रह सकती है। हाल में प्रदेश में सहकारिता को आधार बनाकर विकास की गति को बढ़ाने के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने बैठक कर एक कार्ययोजना बनाई है।

छत्तीसगढ़ में 70 प्रतिशत लोग कृषि और वनों से अपनी आजीविका प्राप्त करते हैं। प्रदेश में किसानों की संख्या का 70 प्रतिशत सीमांत और छोटे किसान हैं जिनके पास औसत एक एकड़ की खेतिहर भूमि है। इसलिए केवल खेती करके किसान अपनी आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव नहीं ला सकता। भाजपा की सरकार में किसानों को सहकारी बैंकों के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण की सुविधा दी है। धान के उत्पादन को न्यूनतन समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों 'पैक्स' के माध्यम से खरीद रही है। दुग्ध और मत्स्य पालन के क्षेत्र में भी सहकारिता के जरिए किसानों और गरीबों की आर्थिक समृद्धि के प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन अब सहकारिता के माध्यम से मैदानी क्षेत्र के साथ वन क्षेत्र में रहने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को भी सहकारिता से जोड़कर उनको आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की कार्ययोजना बनाई जा रही है।

अभी प्रदेश में कुल 2058 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां पैक्स कार्यरत हैं, अब प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर बहुआयामी पैक्स / दुग्ध/ मत्स्य सहकारी समिति का गठन दो वर्ष के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। भारत सरकार की जनजाति कल्याण



विभाग के साथ समन्वय करते हुये राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और छत्तीसगढ सरकार के साथ एमओयू किया जाएगा जिसके बाद प्रदेशवासी विशेषकर अनुसूचित जनजाति के लोगों को दुग्ध सहकारिता से जोड़ने की पहल की जा रही है। उनकी आर्थिक समृद्धि के लिये दुधारु पशु यथा- गाय/भैंस पालन के लिए उन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाएगा। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के माध्यम से ऋण सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी, ताकि आगामी पांच वर्षों में दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से लाभ अर्जित कर आठ से दस पशुधन के मालिक बन सके एवं उस परिवार को आजीवन इसका लाभ मिलता रहे।

इस प्रकार प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होगी, इस दूध को सहकारी संघ के माध्यम से दुग्ध के विभिन्न उत्पादों का निर्माण किया जा सकेगा। गुजरात में 1960 के दशक में अमूल नामक एक सहकारी आंदोलन छोटे से गांव आणंद में शुरू हुआ, आज वह आंदोलन दुग्ध उत्पाद में वैश्विक ब्रांड बन गया है जिसका वार्षिक टर्नओवर 60 हजार करोड़ रुपए को पार कर गया है। छत्तीसगढ़ में इसी मॉडल पर काम शुरू किया जायेगा। कृषकों द्वारा उत्पादित दुग्ध के लिये पर्याप्त प्रशीतक केन्द्र एवं प्रक्रिया इकाईयां स्थापित की जाएंगी।

सहकारिता के माध्यम से अर्थव्यवस्था के विकास तथा इसका लाभ आमजन तक पंहुचाने कृषि, पशुपालन, मत्स्य, जनजाति विभाग के परस्पर समन्वय हेतु संबंधित विभाग के मंत्रियों तथा सचिवों की पृथक कमेटी बनाई जाएगी। प्रदेश में वर्तमान में केवल छः जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक संचालित हैं, सहकारिता के विस्तार और पैक्स की संख्या सभी जिलों तक बढ़ेगी तब जिला सहकारी बैंकों की संख्या भी बढ़ानी होगी। इसके साथ ही सहकारी बैंकों को तकनीकी दृष्टि से सक्षम बनाया जायेगा। राज्य के सभी 6 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंको की संबद्धता सीजीटीएमएसई से सुनिश्चित करते हुये इंटरनेट बैंकिंग सहित ई-बैंकिंग सुविधाओं तथा आधार इनेब्लड पेमेंट सिस्टम सुनिश्चित किए जाएंगे ।

सहकारिता के अन्य आयामों जैसे जैविक कृषि, बीज उत्पादन, मत्स्य आदि को मजबूत कर छत्तीसगढ़ में सहकारिता आंदोलन को गति दी जाएगी। छत्तीसगढ़ वन, खनिज, भूमि संसाधन के साथ परिश्रमी जनसंसाधन भी है। सहकार की भावना से जब कार्य प्रारंभ होंगे तभी जनता का आर्थिक उद्धार का मार्ग प्रशस्त होगा।

वर्ल्ड कोकोनट डे

श्वेता गोयल



# सेहत के गुणों से भरा नारियल

नारियल का हिंदू धर्म में बेहद महत्वपूर्ण स्थान है, जिसका उपयोग पूजा-पाठ, विशेष अनुष्ठान, शादी-विवाह, तीज-त्योहार, नए कार्य का शुभारंभ इत्यादि सभी शुभ कार्यों में किया जाता है। नारियल को 'श्रीफल' के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु जब पृथ्वी पर अवतरित हुए थे, तब वे मां लक्ष्मी और कामधेनु गाय के साथ नारियल भी लेकर आए थे, इसीलिए नारियल के वृक्ष को 'कल्पवृक्ष' भी कहा जाता है। मान्यता है कि नारियल में त्रिदेव (ब्रह्मा, विष्णु और महेश) का वास होता है। धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ नारियल आर्थिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बड़ा महत्वपूर्ण है।

पूरी दुनिया में नारियल उत्पादन में केवल एशिया महाद्वीप का योगदान ही 90 प्रतिशत है, जिसमें भारत विश्व के सबसे बड़े नारियल निर्यातकों में शामिल है। भारत के अलावा इंडोनेशिया और फिलीपींस दुनिया के सबसे बड़े नारियल निर्यातकों में शामिल हैं। दुनियाभर में लोगों को नारियल के फायदे समझाने, नारियल के पोषण मूल्य और आर्थिक महत्व के बारे में बताने, नारियल की खेती, प्रोसेसिंग और इसके कई उपयोगों के बारे में लोगों को शिक्षित करने, वैश्विक स्वास्थ्य और कृषि में नारियल की अहमियत समझने, नारियल से जुड़े नए तकनीकी तरीकों को अपनाने, नारियल से जुड़े उद्योगों में मौजूदा चुनौतियों को दूर करने इत्यादि अनेक उद्देश्यों के साथ 'एशियाई प्रशांत नारियल समुदाय' (एपीसीसी) के गठन के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 2 सितम्बर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व नारियल दिवस' मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस 'एक परिपत्र अर्थव्यवस्था के लिए नारियलः अधिकतम मूल्य के लिए साझेदारी का निर्माण' विषय के साथ मनाया जा रहा है। यह नारियल का उपयोग इस तरह से करने के महत्व पर जोर देता है, जो बर्बादी को कम करते हुए नारियल के हर हिस्से का अधिकतम उपयोग करना सुनिश्चित करता है। यह विषय नारियल के मूल्य को अधिकतम करने के लिए किसानों, उत्पादकों और उद्योगों के बीच मजबूत साझेदारी की आवश्यकता पर भी प्रकाश डालता है। एक साथ काम करके ये साझेदारियां एक अधिक टिकाऊ और कुशल नारियल उद्योग बनाने में मदद कर सकती हैं, जिससे पर्यावरण के साथ उन लोगों को भी लाभ होगा, जो अपनी आजीविका के लिए नारियल पर निर्भर हैं। विश्व नारियल दिवस पहली बार 2009 में मनाया गया था, जिसका उद्देश्य दुनियाभर में नारियल की खेती के बारे में लोगों को जागरूक करना ही था। एपीसीसी ने अपनी 40वीं वर्षगांठ पर इस दिन की शुरुआत की थी, जिसकी स्थापना ही एशिया-प्रशांत क्षेत्रों में नारियल की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। इस वर्ष एपीसीसी की स्थापना की 55वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। एपीसीसी में भारत सहित सभी नारियल उत्पादक देश शामिल हैं। 'नारियल' पुर्तगाली शब्द 'कोको' और 'अखरोट' के मेल से बना है। नारियल को 'जीवन का वृक्ष' भी कहा जाता है क्योंकि यह अनेक आवश्यक संसाधन प्रदान करता है। दरअसल नारियल के पेड़ का प्रत्येक हिस्सा उपयोगी है। यह फल भोजन और पेय प्रदान करता है, पत्तियों का उपयोग बुनाई और छत बनाने के लिए किया जाता है, भूसी और खोल का उपयोग शिल्प तथा ईंधन के लिए किया जाता है और रस का उपयोग सिरका तथा चीनी बनाने के लिए किया जा सकता है।

नारियल सेहत के अनेक निराले गुणों से भरपूर फल है, जो पाचन क्रिया को बढ़ाने और मोटापा कम करने में असरदार माना जाता है। नारियल का पानी इलेक्ट्रोलाइट्स का सबसे अच्छा स्रोत है, जो शरीर को तुरंत ऊर्जा देता है। शरीर में पानी की कमी को पूरी करने के लिए नारियल पानी बहुत फायदेमंद है, जिससे शरीर हाइड्रेट रहता है। नारियल पानी एस्कॉर्बिक एसिड, विटामिन बी और प्रोटीन से भरपूर होता है, जिसमें कैलोरी, कार्बोहाइड्रेट और शर्करा कम होती है और यह लगभग पूरी तरह से वसा रहित होता है। इसके पोषक तत्व चेहरे की चमक को बढ़ाने के साथ शरीर को तंदुरुस्त रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नारियल का इस्तेमाल खाने-पीने और सौंदर्य प्रसाधनों से लेकर साज-सज्जा तक हर चीज में किया जाता है। अनेक फायदों से भरपूर नारियल का उपयोग कई प्रकार के व्यंजनों में भी किया जाता है।

## शांति से सभी दुखों को खत्म किया जा सकता है



संकलित

दर्शन

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी। देश में जन सामान्य को शांति के सूत्र अपनाने चाहिए। सावधानी के साथ प्रेम का व्यवहार शांति के मार्ग को निष्कंटक करेगा।

## जीवन में सब ईश्वर की दया ही है



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक अमीर सेठ के यहां एक नौकर काम करता था, अमीर सेठ अपने नौकर से तो बहुत खुश था, लेकिन जब भी कोई कटु अनुभव होता तो वह भगवान को अनाप शनाप कहता और बहुत कोसता था। एक दिन वह अमीर सेठ ककड़ी खा रहा था, संयोग से वह ककड़ी कच्ची और कड़वी थी। सेठ ने वह ककड़ी अपने नौकर को दे दी। नौकर ने उसे बड़े चाव से खाया जैसे वह बहुत स्वादिष्ट हो। अमीर सेठ ने पूछाः ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, भला तुम ऐसे कैसे खा गये? नौकर बोलाः आप मेरे मालिक है, रोज ही स्वादिष्ट भोजन देते है, अगर एक दिन कुछ बेस्वाद या कड़वा भी दे दिया तो उसे स्वीकार करने में भला क्या हर्ज है? अमीर सेठ अपनी भूल समझ गया, अगर ईश्वर ने इतनी सुख-सम्पदाएं दी है, और कभी कोई कटु अनुदान या सामान्य मुसीबत दे भी दे तो उसकी सद्भावना पर संदेह करना ठीक नहीं। असल में यदि हम समझ सकें तो जीवन में जो कुछ भी होता है, सब ईश्वर की दया ही है। ईश्वर जो करता है अच्छे के लिए ही करता है। हम केवल जीवन में अच्छे व उजले पक्ष को ही देखते हैं। हमें सुख, आराम पसंद है, पर दुख व कष्ट के क्षण आते ही हमारा मन विचलित होने लगता है। जीवन में सुख और दुख दोनों ही पल होते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बेरोजगारों को मिले मौका

हमारे देश में बढ़ती जनसंख्या और आधुनिक तकनीक ने बेरोजगारी की समस्या के जख्मों पर नमक लगाने का काम किया है। इसलिए अब सरकारों को ऐसी नीतियों को अपने वोट बैंक के लिए लगाम कसने की जरूरत है जो बेरोजगारी को बढ़ाती हों। हर कदम सोच समझकर उठाने की जरूरत है, ताकि हर बेरोजगार को रोजगार मिल सके। सरकारी नौकरी में रिटायरमेंट के बाद सेवा विस्तार नहीं देना चाहिए, ताकि बेरोजगार युवाओं को नौकरी का मौका मिल सके। अगर कोई सरकारी कर्मचारी एसोसिएशन या एक कर्मचारी भी रिटायरमेंट के बाद सेवा विस्तार की मांग करता है तो उन्हें इस पर जरूर ध्यान देना चाहिए कि क्या इससे उनके बच्चों को सरकारी नौकरी मिल पाएगी? शायद नहीं। हमारे देश में बेरोजगारों की लाइन बढ़ती जा रही है, इसलिए सेवा विस्तार नहीं मिलना चाहिए। – *रमेश यदु, भाटापारा*

### ट्रेंड

#### गर्व का क्षण

भारत के लिए एक और गर्व का क्षण, सूबिना ने पैरालिंपिक में 10एम एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उनके असाधारण फोकस, दृढ़ संकल्प और दृढ़ता ने उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



#### पर्यटन को पुनर्जीवित करें

वायनाड दुखद भूस्खलन से हुई तबाही से लगातार उबर रहा है। हालांकि अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है, राहत प्रयासों में सभी समुदायों और संगठनों के लोगों को एक साथ आते देखना खुशी की बात है। बारिश बंद होने पर यह जरूरी है कि क्षेत्र में पर्यटन को पुनर्जीवित करने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



#### बहुत-बहुत बधाई

अवनि लेखरा को उनकी अविश्वसनीय स्वर्ण पदक उपलब्धि और मोना अग्रवाल को पेरिस पैरालिंपिक में कांस्य पदक जीतने पर बहुत-बहुत बधाई! आपकी उपलब्धियाँ दृढ़ता और प्रतिभा का प्रमाण हैं। बहुत अच्छा! -मनु भाकर, शूटर



#### सराहना के लिए धन्यवाद

मुक्तकंठ से 'हमारे राम' के मंचन की सराहना करने के लिए हृदय से धन्यवाद आरती नागपाल, अभिभूत और अनुगृहीत हूँ। जय श्री सीताराम

-आशुतोष राणा, अभिनेता



### करंट अफेयर

## उज्बेकिस्तान में भारतीय धुनों ने किया दर्शकों को मंत्रमुग्ध



मध्य एशिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक महोत्सव, 13वें अंतरराष्ट्रीय संगीत महोत्सव 'शर्क तारोनलाराई' में गायिका शिबानी कश्यप के गानों पर यहां ऐतिहासिक 'रेगिस्तान स्क्वायर' पर संगीत प्रेमियों ने बॉलीवुड की धुनों पर नृत्य किया। कश्यप संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव के समापन समारोह में अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली पहली भारतीय कलाकार हैं। शर्क तारोनालारी, का अर्थ है पूर्व का मधुर संगीत। यह एक अंतरराष्ट्रीय महोत्सव है, जो विश्व की समृद्ध संगीत परंपराओं को प्रदर्शित करने और उनका उत्सव मनाने के लिए समर्पित है।

### ऑफ बीट

## अमेरिका में फैली ईस्टर्न एक्वाइन इंसेफेलाइटिस



ईस्टर्न एक्वाइन इंसेफेलाइटिस एक वायरस के कारण होता है जो आमतौर पर केवल अमेरिका के कुछ पूर्वी हिस्सों में पाया जाता है, मध्य अमेरिका से लेकर कनाडा तक। ईस्टर्न एक्वाइन इंसेफेलाइटिस का वायरस तंत्रिका संबंधी रोग, विशेष रूप से इंसेफेलाइटिस (मस्तिष्क की सूजन और सूजन) का कारण बनता है और मच्छर के काटने से मनुष्यों में फैलता है। इस बीमारी के लक्षण गंभीर और संभावित रूप से घातक हो सकते हैं। लेकिन, इस वायरस वाले मच्छर द्वारा काटे गए अधिकतर लोगों में इसके लक्षण नहीं दिखते हैं। जिन लोगों में बीमारी विकसित होती है, उनमें सिरदर्द, गर्दन में अकड़न, भ्रम, दौरे और कोमा जैसे लक्षण शामिल होते हैं।

## संक्षेप

### किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

बीघापुर, उन्नाव। नहर में मानक के अनुसार पानी नहीं छोड़ने के कारण भारतीय किसान यूनियन भानू गुट मण्डल महा सचिव व जिला अध्यक्ष ने विभाग प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और कहा कि यदि मांग नहीं पूरी हुई तो 10सितम्बर को आमरण अनशन पर बैठेंगे भारतीय किसान यूनियन भानू गुटके मंडल महासचिव लखनऊ बृजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ राजू जनपद उन्नाव जिला अध्यक्ष पवन कुमार शुक्ला ने अधिशाषि अभियन्ता उन्नाव रायबरेली को ज्ञापन सौंप कर कहा कि नहर विभाग के द्वारा मानक के अनुसार पानी नहीं छोड़े जाने से किसानों को सिंचाई में भारी समस्या आ रही है यदि डलमऊ बी पंप में पूर्ण क्षमता के साथ अति शीघ्र 5 फीट पानी उपलब्ध नहीं कराया गया तो भारतीय किसान यूनियन भानु गुट 10 सितंबर को न्याय पंचायत रावतपुर नहर चौराहे पर आमरण अनशन पर बैठने को बाध्य होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी नहर विभाग व प्रशासन की होगी

### शादी का झांसा देकर युवक ने किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

नवाबगंज, उन्नाव। थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी के झांसा देकर युवक ने किशोरी के साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा जब किशोरी 5 माह की गर्भवती हुई तो उसने युवक से शादी करने को कहा आरोपी युवक ने उसके साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया किशोरी ने आप बीती अपने परिजनो को बताया किशोरी की मां ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है थाना सोहरामऊ क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में बताया कि मेरी 17 वर्षीय पुत्री को गांव का ही आयुष पुत्र लाला ने शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए जब पुत्री 5 माह की गर्भवती हुई तो युवक से शादी करने को कहा गया तो उसने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत पत्र के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है

### प्रभारी मंत्री ने चिकित्सालय पहुंच कर घायलों का जाना कुशलक्षेम

बहराइच। प्रदेश के मंत्री मत्स्य/जनपद प्रभारी मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने सांसद बहराइच आनन्द कुमार गोंड, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, नानपारा के राम निवास वर्मा, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला के साथ महर्षि बालार्क चिकित्सालय पहुंचकर मानव मानव जीव में घायल मरीजों कमला देवी, सुमनदेवी व अफसाना का कुशल क्षेम पूछा तथा मौके पर मौजूद चिकित्सालय प्रशासन को निर्देश दिया कि भर्ती घायल मरीजों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# बीडीओ बलहा की अगुवाई में उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

## मुख्य अतिथि रहे ब्लाक प्रमुख बलहा विजय कुमार वर्मा

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत आगामी चरण (वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक) योजना के क्रियान्वयन में आवास प्लस-2018 की सूची में पात्र लाभार्थियो का नाम जोड़े जाने एवं पात्रता/अपात्रता का चिन्हीकरण के मानक में हुए महत्वपूर्ण बदलाव के सम्बन्ध में खंड विकास अधिकारी की अगुवाई में बलहा ब्लाक के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। विकास खंड बलहा क्षेत्र के 59 ग्राम पंचायतों के प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि उपस्थित रहे। खंड विकास अधिकारी बलहा संदीप कुमार ने बताया कि अगर




किसी भी व्यक्ति की चारों ओर की दीवार पक्की है और ऊपर टीन शेड रक्खे हुए है तो वह व्यक्ति अपात्र माना जायेगा। पहले दोपहिया वाहन रखने वाले अपात्र माने गए हैं लेकिन इस बार कैबिनेट की बैठक में दो पहिया वाहन धारक को पात्रों की श्रेणी में रखा गया है खंड विकास अधिकारी बलहा संदीप कुमार ने बताया कि आयकर दाता उद्योग या उद्यमी चार पहिया वाहन 50000 से ऊपर की किसान क्रेडिट कार्ड वाले तिपहिया वाहन जैसे ई रिक्शा के अगर स्वामी है तो उन्हें अपात्र माना जाएगा। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि 5 सितम्बर से 12 सितम्बर तक ब्लाक क्षेत्र के सभी गांवों में पात्र अपात्र के संबंध में सर्वे करके शत प्रतिशत पात्रों को ही आवास का आवंटन किया जायेगा। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख बलहा विजय कुमार वर्मा सहित सचिव रविंद्र यादव, मिथिलेश यादव शाहिद अली, कुमार आशुतोष, अटल बिहारी, विजय कुमार, राम नारायण मौर्य, नरेश कुमार, सुनील कुमार सहित ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि सादिक हुसैन, प्रधान नानपारा देहाती पीर गुलाम प्रधान माघी अच्छन खां, प्रधान प्रतिनिधि सलमान अंसारी, प्रधान प्रतिनिधि नसीम खां नारायनपुर कला सहित बलहा ब्लॉक क्षेत्र के क्षेत्र पंचायत सदस्यों सहित ग्रामीण जनता भी उपस्थित रही।

# सत्संग में किसी व्यक्ति विशेष, जाति, धर्म की निन्दा नहीं होती: पंकज जी महराज

### सत्संग से जागृति होता है विवेक

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच।विख्यात सन्त बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी एवं जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्त पंकज जी महाराज अपनी 108 दिवसीय जनजागरण यात्रा लेकर रूहानियत का पैगाम सुनाते हुये बहराइच जिले के जरवल, कैसरगंज ब्लाकों में होते हुये आज फखरपुर ब्लाक के ग्राम अचैलिया के खेल मैदान में जब पधारे तो स्थानीय भाई-बहनों व ग्राम प्रधान संजय सिंह तथा बच्चों ने फूलमाला, कलश व बैण्ड बाजे के साथ उत्साहपूर्ण स्वागत किया। अपने सत्संग सम्बोधन में संस्थाध्यक्ष ने कहा कि संतों महात्माओं के सत्संग में किसी व्यक्ति विशेष, जाति, धर्म की निन्दा आलोचना नहीं की जाती है बल्कि यहां तो भगवान की भक्ति के प्रति प्रेम प्यार पैदा किया जाता है। सत्संग से विवेक जागृत होता है। उन्होंने आगामी 8 से 12 दिसम्बर तक जयगुरुदेव आश्रम, मथुरा में आयोजित होने वाले दादा गुरु जी के वार्षिक भण्डारा में आने का निमन्त्रण दिया तथा बताया कि मथुरा में वरदानी जयगुरुदेव मन्दिर बना है जहां बुराईयां चढ़ाने पर मनोकामना की पूर्ति होती है। जिला-इटावा उ.प्र. में तहसील भरथना के गांव खितौरा धाम में बाबा जी की पावन जन्मभूमि है यहां पर भी भव्य वरदानी मन्दिर बना है। यहाँ सभी सम्प्रदायों के लोग आते हैं। इस अवसर पर जिला संगत बहराइच के अध्यक्ष रमाकान्त चैहान, ननके यादव, रमेश कुमार यादव, शोभाराम, विधायक आनन्द कुमार यादव, मुन्ना सिंह ब्लाक प्रमुख, कर्मपाल गुप्ता प्रधान ग्राम दहौरा, अचैलिया प्रधान संजय सिंह, रामचन्द्र, ज्वाला प्रसाद, हरद्वारी प्रसाद, ब्लाक हरख (बाराबंकी), बिहारी लाल, दिनेश वर्मा आदि उपस्थित रहे। सत्संग के जनजागरण यात्रा अपने अगले पड़ाव हेतु ग्राम कटेहा ब्लाक तेलवापुर के लिये के लिये प्रस्थान कर गई।

# शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह, शिक्षा योद्धाओं का सम्मान

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 108 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। यह समारोह ठाकुर हुकुम सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बहराइच के ऑडिटोरियम में होगा। विकास खण्ड कैसरगंज के समर्पित एआरपी, शिक्षक, शिक्षा मित्र और अनुदेशक, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, इस कार्यक्रम में विशेष रूप से सम्मानित किए जाएंगे। सम्मानित होने वालों में प्रमुख नाम एआरपी महेन्द्र चौधरी का है। जिन्होंने अपनी कर्तव्यनिष्ठता, अनुभव और ज्ञान से शिक्षकों का मार्गदर्शन कर विकास खण्ड को निपुण बनाने में सक्रिय योगदान दे रहे है। साथ ही शिक्षकों में एकता गुप्ता संविलियन विद्यालय



बगहिया, रेनू वर्मा प्रा०वि० मीरपुर, अमित उ०प्रा०वि० गुलहरिया गाजीपुर, मुहम्मद सना वारसी उ०प्रा०वि० ऐनी हतिंसी, आशीष रत्न प्रकाश श्रीवास्तव प्रा०वि० देवलखा, शिक्षा मित्र बाबू राम विश्वकर्मा प्रा०वि० पिपरहा पुरवा व अनुदेशक दुर्गा प्रसाद उ०प्रा०वि० गोडहिया नंबर 4 को भी उनके सक्रिय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत सभी लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा जिससे विकास खण्ड को निपुण लक्ष्य प्राप्त कराने हेतु प्रेरित करेगा और समाज में शिक्षा की महत्ता को उजागर करेगा।

# ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को कराया गया शैक्षिक भ्रमण

### तरह-तरह की जानकारी से कराया अवगत

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। लखनऊ बहराइच राजमार्ग स्थित अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों को शैक्षिक भ्रमण कराया गया। एपेक्स इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 11वी के विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रबन्धक मसकूर हबीब के निर्देशन में स्थानीय शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण में डॉ अजय कुमार श्रीवास्तव ने (जीव विज्ञान) के अध्यापक द्वारा बच्चो को ग्राम पंचायत, बडोली, कोनारी, फिरोजपुर, मीरपुर सहित अन्य ग्राम पंचायत में शैक्षिक भ्रमण हेतु बच्चों को तरह-तरह की पौधों तथा उनसे होने वाले लाभ के बारे में पूर्ण रूप से अवगत कराया गया तथा उनके दैनिक उपयोगों के बारें में बताया गया। इस भ्रमण में विद्यालय के शिक्षक तसनीम अहमद, शाहबुद्दीन, शिवम यादव, अमन गुप्ता तथा विद्यालय के अन्य सदस्यों ने सहयोग किया।


# शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह, शिक्षा योद्धाओं का सम्मान

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 108 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। यह समारोह ठाकुर हुकुम सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बहराइच के ऑडिटोरियम में होगा। विकास खण्ड कैसरगंज के समर्पित एआरपी, शिक्षक, शिक्षा मित्र और अनुदेशक, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, इस कार्यक्रम में विशेष रूप से सम्मानित किए जाएंगे। सम्मानित होने वालों में प्रमुख नाम एआरपी महेन्द्र चौधरी का है। जिन्होंने अपनी कर्तव्यनिष्ठता, अनुभव और ज्ञान से शिक्षकों का मार्गदर्शन कर विकास खण्ड को निपुण बनाने में सक्रिय योगदान दे रहे है। साथ ही शिक्षकों में एकता गुप्ता संविलियन विद्यालय बगहिया, रेनू वर्मा प्रा०वि० मीरपुर, अमित उ०प्रा०वि० गुलहरिया गाजीपुर, मुहम्मद सना वारसी उ०प्रा०वि० ऐनी हतिंसी, आशीष रत्न प्रकाश श्रीवास्तव प्रा०वि० देवलखा, शिक्षा मित्र बाबू राम विश्वकर्मा प्रा०वि० पिपरहा पुरवा व अनुदेशक दुर्गा प्रसाद उ०प्रा०वि० गोडहिया नंबर 4 को भी उनके सक्रिय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत सभी लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा जिससे विकास खण्ड को निपुण लक्ष्य प्राप्त कराने हेतु प्रेरित करेगा और समाज में शिक्षा की महत्ता को उजागर करेगा।


# मुख्यमंत्री के हाथो नवनियुक्त अभ्यर्थियों को मिले नियुक्ति पत्र



### विकास भवन में कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

### एमएलसी ने नियुक्त अवर अभियन्ता को प्रदान किया नियुक्ति पत्र

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। मिशन रोजगार अन्तर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्त सेवा चयन द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रकिया के अन्तर्गत विभिन्न विभागों के 1334 अवर अभियन्ता, संगणक एवं फोरमैन को लखनऊ लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का विकास भवन सभागार में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सजीव प्रसारण किया गया। सजीव प्रसारण के उपरान्त एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने कुमारी मीरा देवी पुत्री विनोद कुमार मिश्रा निवासी ग्राम व पोस्ट रामपुरवा जिला बहराइच को अवर अभियन्ता (सिविल) को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी राजकुमार, सरयू नहर के नोडल दिनेश कुमार, अधिशाषी अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# शो पीस बनकर रह गया करोडों की लागत से बना पशु चिकित्सालय

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। करोड़ों की लागत से बनाए गए पशु चिकित्सालय मे बिना चिकित्सक ही बैठे मिले जानवर, मानो करवाने आए हो अपना इलाज, पर यहां तो चिकित्सक हैं ही नहीं। जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर का एक तिहाई भूभाग सरयू नदी के उत्तर पश्चिम में स्थित है। इधर की दर्जनों ग्राम पंचायतों को विकासखंड मुख्यालय तक पहुंचने के लिए सरयू नदी को पार करना होता है। ऐसे में बीमार पशुओं को विकासखंड मुख्यालय पर इलाज हेतु ले जाने मे पशुपालकों व किसानों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इस क्षेत्र के पशुपालकों व किसानों की समस्याओं को दूर करने व आधिकाधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से रामपुर टेपरी मार्ग पर करोड़ों रुपए की लागत से पशु चिकित्सालय का निर्माण विगत वर्षों पूर्व कराया गया था। कई वर्षों बाद भी यहां पर किसी पशु चिकित्सक की तैनाती न हो सकी है। वहीं चिकित्सालय बिल्डिंग की हालत बद से बदतर है। कुर्सियां शीशे सब टूटे हुए हैं और यह भवन आवारा पशुओं का गढ़ बन गई है। ऐसे में ब्लॉक मुख्यालय के अलावा इस बाढ प्रभावित क्षेत्र में पशु चिकित्सालय की कमी पशुपालकों को बहुत ही अखर रही है जिसके दृष्टिगत किसानों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में पशु चिकित्साधिकारी शिवपुर से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि बिल्डिंग का अभी हैंड ओवर नहीं हुआ है। मैं अपने उच्चाधिकारियों से बात करूंगा। अब देखना है कि करोड़ की लागत से बने इस पशु चिकित्सालय के कब आते हैं अच्छे दिन और कब न्याय पंचायत के पशुपालकों को सरकार की सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

# सुल्तानपुर में चिट फट कंपनियों के खिलाफ प्रदर्शन

## कलक्ट्रेट में डीएम ऑफिस के सामने नारेबाजी, तीन मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में चिट फंड कंपनियों के खिलाफ गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। भी सैकड़ों लोगों ने असहयोग आंदोलन जारी रखा और सड़क पर प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। डीएम ऑफिस के बाहर प्रदर्शन करते हुए लोगों ने एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने एक बड़ा बैनर ले रखा था, जिस पर लिखा था: 'भुगतान करो या सत्ता छोड़ो, ठग बेईमानों भारत छोड़ो।' बैनर पर शहीद उधम सिंह और महात्मा गांधी की तस्वीरें भी लगी थीं। बैनर पर यह भी अंकित था कि सम्पूर्ण भारत के प्रत्येक कलेक्ट्रेट, तहसील, राजभवन, विधानसभा और सचिवालय के बाहर असहयोग आंदोलन किए जाने की मांग उठाई




गई है। भुगतान गारंटी अधिनियम और जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम के तहत सभी ठगी पीड़ित निवेशकों की जमाराशि का दो से तीन गुना भुगतान तुरंत किया जाए। बेरोजगार निर्दोष एजेंट्स को सुरक्षा, सम्मान और रोजगार का अधिकार के तहत एजेंट्स के पुनर्वास का भी प्रावधान किया जाए। भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 111 के तहत हर ठग बेईमान को मृत्युदंड देकर हिंदुस्तान को ठगमुक्त और बेईमान रहित राष्ट्र राज्य के रूप में स्थापित किया जाए। कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर नागरिक रविवार से तिकोनिया पार्क में असहयोग आंदोलन कर रहे हैं।

आज कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कृतिका ज्योत्सना के कार्यालय के बाहर नागरिकों ने एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने योगी सरकार से यह भी मांग की कि चिट फंड कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए क्योंकि उन्हें मिल रहे संरक्षण के खिलाफ वे आक्रोशित हैं।

# सिद्धार्थनगर डीएम ने नगर पालिका परिषद बांसी का किया निरीक्षण

- 15वें वित्त का नहीं मिला रजिस्टर कम्पलीट, लिपिक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर डीएम द्वारा नगर पालिका परिषद कार्यालय बांसी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान डीएम डॉक्टर राजागणपति आर ने नगर पालिका में कितने वार्ड है, इसकी जानकारी मांग। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बांसी ने जानकारी दिया कि, नगर पालिका में 25 वार्ड है। वार्डो में जल जमाव के स्थानों को चिह्नित किया गया है। डीएम ने ग्रांट रजिस्टर देखा गया। राज्य वित्त/15वें वित्त में पैसा नहीं आया है। 15वें वित्त का रजिस्टर देखा गया। टैक्स वसूली में सुधार लाने का निर्देश दिया। वाटर एटीएम की पत्रावली को मांगने पर



पत्रावली नही दिखा पाए। 15वें वित्त का रजिस्टर कम्पलीट नहीं था। लिपिक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। संपत्ति रजिस्टर नहीं मिला। नगर पालिका के वाहनों के सबंध में कोई भी रजिस्टर नहीं पाया गया। लॉग बुक कम्पलीट नहीं था। वित्तीय रजिस्टर पूर्ण नहीं था। नगर पालिका में लगाए गए स्ट्रीट लाइटों का थर्ड पार्टी सत्यापन में फोटो नहीं पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। डीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बांसी को निर्देश दिया कि तीन दिवस के अन्दर वित्तीय वर्ष 2024-25 का अब तक के अपूर्ण समस्त रजिस्टर व पत्रावली पूर्ण कर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने निर्देश दिया कि कार्यालय में सुधार लाए। कार्यों का समय से भुगतान, पत्रावलियों का रख-रखाव ठीक ढंग से करने के साथ ही समस्त कार्यो को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराना सुनिश्चित करें।

# नवागंतुक एसडीएम ने तहसील कैसरगंज का किया निरीक्षण

### राजस्व वसूली में और तेजी लाने के लिए दिये निर्देश

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। नव आगंतुक एसडीएम आलोक प्रसाद (आईएएस) ने बुधवार को एसडीएम न्यायिक लालधर सिंह यादव व तहसीलदार अभयराज पांडे, के साथ तहसील का निरीक्षण किया तथा तहसील की व्यवस्थाओं को और चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया।

एसडीएम श्री प्रसाद ने संग्रह अनुभाग, नजारत, तहसीलदार कोर्ट, अभिलेखागार, आर0के0 ऑफिस, व मतदाता पंजीकरण केंद्र आदि निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने दायित्व का निर्वहन पूरे मनोयोग से करें जिससे आम जनता को अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए बार-बार तहसील के चक्कर न काटने पड़े।

उन्होंने बताया कि जन समस्याओं का निस्तारण उनकी पहली प्राथमिकता है। आम जनता को त्वरित न्याय मिले तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ भी मिल सके इसके लिए वह सतत प्रयासत रहेंगे। तहसील कैसरगंज में नवागत आईएएस आलोक प्रसाद की कैसरगंज एसडीएम (ज्वाइंट) मजिस्ट्रेट के पद पर तैनाती हुई है। आलोक प्रसाद 2022 के आईएएस है। बताते चले आलोक प्रसाद का 2020 में आईपीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद ट्रेनिंग के दौरान ही उनकि आईएएस में चयन हो गया।

# रामचरित मानस कथा में भिड़ी महिलाएं

- सुल्तानपुर में महिला ने गर्म तेल डालने का आरोप लगाया, 3 पर एफआईआर

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में रामचरित मानस कथा के दौरान दो महिलाएं भिड़ गईं, जिसका एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिखने वाली पीड़ित महिला का आरोप है उसकी न केवल पिटाई की गई बल्कि जलता हुआ तेल तक उस पर डाला गया है। हालांकि पीड़ित महिला ने नामजद तहरीर कोतवाली नगर पुलिस को दी, जिस पर तीन के विरुद्ध केस दर्ज हुआ है। घटना कोतवाली नगर के सिविल लाइन स्थित कल्प वृक्ष पर दो दिन पूर्व आयोजित हुई रामचरित मानस कथा के समय की है। बीते 30 अगस्त को रात 8 बजे कल्प वृक्ष पर रामचरित मानस कथा का श्रवण हो रहा था। पीड़िता पूनम त्रिपाठी निवासी पीढ़ी का आरोप है कि आरती की थाली को लेकर बने स्टेज



की सीढ़ी के पास वो खड़ी थी। तभी पीछे से कल्प वृक्ष सेवा समिति के अध्यक्ष अंकित श्रीवास्तव ने मेरे दोनों हाथों को जकड़ लिया। उसके साथ हथियानाला निवासी रानी पत्नी राज वर्मा ने गाली देते हुए मारपीट किया। पीड़िता पूनम का यह भी आरोप है कि अंकित श्रीवास्तव व कल्प वृक्ष समिति के मीडिया प्रभारी सत्यम चौरसिया महिला को मारने के लिए ललकारते रहे। इन लोगों द्वारा पिटाई के दौरान मेरी फोटो भी बनाई गई। मारपीट में मुझे काफी चोटे आईं। यही नहीं इन लोगों ने गरम तेल भी मेरे हाथों पर डाल दिया और लोगों को आता देख यह सभी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# संक्षेप

## मेरठ में फर्जी वकील बनकर लोगों से ठगी

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में फर्जी वकील बनकर लोगों को ठगने का मामला सामने आया है।एक महिला ने एसएसपी डॉ. विपिन ताडा को ऐसे फर्जी वकीलों के नाम और कागजात सौंपे हैं। महिला ने कहा कि ये फर्जी वकील 2011 से लगातार लोगों को ठग रहे हैं। मुकदमा होने के बावजूद इन पर एक्शन नहीं हुआ है। महिला ने एसएसपी से उचित एक्शन की मांग की है।एसएसपी दफ्तर पहुंची महिला ने बताया कि फर्जी अधिवक्ता का एक पूरा गिरोह हैं।इस गिरोह में एक महिला और कुछ अन्य लोग भी शामिल हैं। ये लोग लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने का वादा करते हैं इस नाम पर उनसे रुपयों की ठगी करते हैं। खुद को वकील बताकर पारिवारिक विवाद निपटाने, सुलह कराने के नाम पर पैसे लेते हैं। महिला ने बताया कि तमाम सरकारी विभागों के फर्जी कागजात बनाकर ये गिरोह लगातार ठगी कर रहा है। उसके साथ भी ठगी कर चुका है। महिला का आरोप है कि फर्जी वकील उसके साथियों पर 2011 से लगातार अब तक 8 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। सदर थाना, ब्रहमपुरी थाना, सिविल लाइन थाना सहित अन्य थानों में मुकदमे दर्ज हैं। ये फर्जी वकील लोगों से नौकरी के नाम पर ठगी करता है। अगर कोई शिकायत की बात करे तो उसे फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी देता है। महिला का कहना है कि उसने बार काउंसिल से उक्त वकील की जानकारी ली तो वहां उसका कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है। वो फर्जी वकील बनकर लोगों को ठग रहा है।इसके गैंग में एक महिला भी शामिल है जो पुलिस के पास शिकायत करने की बात पर एक्सीडेंट कराने, झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देती है।

## बुलंदशहर में चोरों का आतंक

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, बुलंदशहर के नरसेना थाना क्षेत्र के गांव नित्यानंदपुर नगली में देर रात अज्ञात चोरों ने घर में घुस कर लाखों रुपये के जेवरात व नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घर में घुसे चोर घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। सुबह उठ परिजनों ने समान फैला देखा तो परिजनों के होश उड़ गए।जानकारी के अनुसार थाना नरसेना क्षेत्र के गांव नित्यानंदपुर नगली निवासी संजय सिंह पुत्र नानक सिंह अपने परिवार के साथ घर पर सो रहे थे। देर रात्रि अज्ञात चोर घर के अंदर घुस गए और कमरे में रखी संदूक को उठाकर छत पर ले जाकर उसका ताला तोड़कर उसमें रखे लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी चुरा कर ले गए। चोरी की घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चांदगी राम पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे। जहां पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर बारीकी से पड़ताल की। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।चोरों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।पुलिस चोरों की धर पकड़ के लिए लगी हुई है। उधर ग्रामीणों का कहना है कि अज्ञात चोर देर रात्रि घर में घुसे थे।जहां चोरों ने घटना को अंजाम दिया। तो वहीं ग्रामीणों का कहना है चोरों ने नशीला पदार्थ तो सुंघाकर घटना को अंजाम दिया था।

# आईजीएल के बिजनेस हेड के नेतृत्व में पच्चीस हजार पौधरोपण का हुआ समापन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस शुक्ल ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चलाए गए पैंतीस करोड़ वृक्षारोपण महाअभियान एक पेड़ माँ के नाम में आईजीएल की तरफ से पच्चीस हजार पौधों का वृक्षारोपण कराकर अभियान में योगदान किया। सहायक महाप्रबन्धक मानव संशाधन एवं प्रशाशन दशरथ मिश्र ने कहा की पच्चीस हजार पौधों का पौधरोपण अभियान पिछले एक माह से चल रहा था और आज जाकर पूर्ण हुआ। इसके साथ ही बताया की पिछले वर्ष लगाए गए तीस हजार पौधे में अस्सी प्रतिशत पौधे पूरी तरह से स्वस्थ है। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रिय राजमार्ग विकास प्राधिकरण के परियोजना निदेशक गोरखपुर ललित प्रताप पाल एवं विशिष्ट अतिथि प्रबन्धक रुचिर अग्रवाल रहे। सहायक प्रबंधक प्रशासन अखिलेश शुक्ल ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया एवं वृक्षारोपण के समापन पर मुख्य अतिथियों द्वारा पौधरोपण करवाया। प्लांट हेड शैलेंद्र पांडे ने पच्चीस हजार पौधरोपण के लक्ष्य को पूर्ण करने पर खुशी जाहिर किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक ललित प्रताप पाल द्वारा पौधरोपण करके एक जनसंदेश दिया की सभी को कम से कम दस पौधो का प्रत्येक वर्ष करना चाहिए और आईजीएल द्वारा किये गए पौधरोपण कार्यक्रम के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। अखिलेश कुमार शुक्ल ने बताया की इस वर्ष कंपनी द्वारा जीरो प्वाइंट से माणापार चौराहे तक मार्ग के दोनों तरफ खाली स्थान पर एवं कंपनी परिसर में वृक्षारोपण कराया है।इसमें रेंजर सहजनवां अखिलेश कुमार तिवारी एवं उपनिरीक्षक आशुतोष तिवारी का पूरा सहयोग रहा। कार्यक्रम की व्यवस्था जूनियर ऑफिसर मो शब्बीर ने किया उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रिय राजमार्ग विकास प्राधिकरण के उप प्रबन्धक आशीष सेंगर, उद्यान विशेषज्ञ कुँवर किशन राय ० सचिन तिवारी के साथ आईजीएल के कर्मयोगियों के साथ ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आईटीएम की छात्रों ने बनाया स्मार्ट आर्टिफिशल इंटेलिजेंस आधारित बोर्ड

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर के छात्रों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर एक स्मार्ट आर्टिफिशल इंटेलीजेंस आधारित बोर्ड बनाया हैं आईटीएम के बीसीए के पांच छात्र आफरीन खातून, राजनंदनी सिंह, उम्मे हबीबा, परमेश सिंह और चंद्रेश कुमार ने एक ऐसी तकनीक का ईजाद किया हैं जिसके माध्यम सें क्लास मे लगे बोर्ड पर पढ़ा रहे शिक्षक का वॉयस वीडियो डेटा के माध्यम सें शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के पास संरक्षित किया जा सकता हैं।

इस स्मार्ट बोर्ड को बनाने में हमें 2 महीने का समय लगा हैं और लगभग 10 सें 12 हजार रुपए का खर्च आया हैं इसे बनाने में लकड़ी सें बना बोर्ड, मेटल स्टैंड, 4 कैमरा, माइक मॉड्यूल , जीएसएम सिम मॉड्यूल इत्यादि उपकरणों का प्रयोग किया गया हैं अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने छात्रों को बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया।

# बालक वर्ग के कबड्डी में पूर्व माध्यमिक विद्यालय कालेसर बना विजेता



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पिपरौली ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कालेसर में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को किया गया। खेलकूद में सबसे पहले बालक वर्ग के कबड्डी में कालेसर ने बरहुआ को हराकर विजेता बना। बालिका वर्ग के कबड्डी में कंपोजित विद्यालय बरहुआ विजेता बना।100 मीटर जूनियर वर्ग के दौड़ में भानू प्रथम कालेसर, किशन कुमार द्वितीय बरहुआ, 200 मीटर के जूनियर वर्ग में प्रिंस प्रथम बड़गहन, किशन द्वितीय बरहुआ 400 मीटर के जूनियर दौड़ में किशन प्रथम बरहुआ, प्रिंस द्वितीय बड़गहन स्थान पर रहे।100 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में खुशी यादव प्रथम बरहुआ, प्रतिभा बड़गहन द्वितीय, 400 मीटर के बालिका वर्ग के दौड़ में खुशी यादव प्रथम बरहुआ रही। इसके पूर्व संकुल नोडल प्रभारी मंजू देवी द्वारा हरी झंडी दिखाकर खेल का शुभारंभ किया गया।इस दौरान मंजू देवी, मंजूषा सिंह, सुनीता जायसवाल, सरोज सिंह, संगीता सिंह, मुनीब प्रसाद, किरण सैनी, सुरभि गुप्ता, जयशंकर यादव, मंजूलिका, नाहिद सहित सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# विधायक ने विकास कार्यों का लोकार्पण किया

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। क्षेत्रीय महामंत्री व विधायक प्रदीप शुक्ल ने बुधवार को सहजनवा विधान सभा के क्षेत्र के उनवल मण्डल कुल लागत एक करोड़ 40 लाख विकास कार्यो का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक प्रदीप शुक्ला कहां की गांव से लेकर शहर व देश का तेजी से विकास हो रहा है।देश जनता को स्वास्थ्य, शिक्षा, सड्क,बिजली समेत अन्य सुविधाएं बेहतर रूप से मिल रही है।जिससे उनका विकास हो रहा है।जो कि यही विकसित भारत नींव तैयार हो रही है।देश की तरक्की का रास्ता गांव से होकर गुजरात है।मोदी योगी सरकार में आज गांव भी सरकार की तरह विकास कर रहें।रोड,बिजली,पानी की व्यवस्था हर लगभग हर गावों में हो रही है।जो विकास की गवाह बन रही है। विधायक ने 14.556लाख लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटघर एक अदद हाल बरामदे का लोकार्पण किया।वहीं उनवल मंडल के मंझरिया, रिक्शा नारा ,सुआभार, बसिया खोर, टिकरिया नाथ, केवटली, बन्दुआरी, सोहरा, रतसही समेत लगभग एक करोड़ 25लाख 26 हजार बने सीसीरोड का लोकार्पण किया। इस अवसर पर रामपाल सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री पिछड़ा मोर्चा मनोज सिंह,श्याम मोहन उपाध्याय,मंडल अध्यक्ष राम प्रकाश चौरसिया,सुबोध तिवारी, सुमित सिंह,ओंमकार सिंह,विजय तिवारी,हरिधर दुबे,सतीश उपाध्याय, बजरंगी दुबे रंजन पांडे मोनू यादव हरिकेश,सत्येंद्र सिंह,विजय कुमार सिंह,अनूप सिंह,संदीप चौरसिया सोनू पांडेय समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# चोरी की मोबाइल फोन के यूपीआई से धोखाधड़ी कर पैसा निकालने वाला चोर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां ब्लाक के अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरपुर निवासी चन्दन पुत्र बीरबल को हरपुर-बुदहट पुलिस ने बुधवार को कुआवल पुल के पास से चोरी की मोबाइल और नौ हजार सात सौ रुपए के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेज दिया। बताते चलें कि माह जुलाई में हरपुर साप्ताहिक बाजार से संदीप कुमार पुत्र राम लखन निवासी जबरैला बिसखोहर थाना हरपुर-बुदहट के पाकेट से चुरा कर धोखाधड़ी करते हुए इसी मोबाइल फोन के यूपीआई से सहज जनसेवा केंद्र खलीलाबाद व काली जगदीशपुर से तीन बार में 86000 हजार रुपए निकाला था, जिसमें से 9750 रुपए बचा है। मोबाइल फोन चोरी की तहरीर संदीप कुमार पुत्र राम लखन हरपुर-बुदहट थाने में दी गई थी। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई थी, कि बुधवार को मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष विशाल सिंह हमराही सिपाहियों के साथ कुआवल पुल के पास से चोरी की मोबाइल फोन और 9750 रुपए के साथ चोर चन्दन पुत्र बीरबल निवासी हरपुर थाना हरपुर-बुदहट को गिरफतार कर बीएनएस की धारा 303(2), 316(2), 318(4), 319(2), 336(4) मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेज दिया।

# जालौन में चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना

- लाखों के जेवरात व नकदी लेकर फरार, एफआईआर दर्ज

अमन लेखनी समाचार



जालौन, जालौन के खैरी गांव में चोरों ने रात को पुलिस को खुली चुनौती देते हुए एक ही समय में तीन घरों को निशाना बनाया। चोरों ने घर में रखे लाखों रुपए के जेवरात और नगदी चुरा ली।जिससे गांव में हड़कंप मच गया। यह घटना तब सामने आई जब सुबह घर के लोग जागे, तो घर का सामान बिखरा था। अलमारी टूटी हुई हालत देखी। खैरी गांव के निवासी वीरेंद्र कुशवाहा, चेतन पचौरी, और ठाकुरदास के घरों को चोरों ने एक साथ लूट लिया। चोरों ने घर की अलमारी और बक्शे में रखे सोने-चांदी के आभूषण और लाखों रुपए की नकदी चुरा ली।इसके साथ ही बर्तन और अन्य सामान भी चुरा लिया गया। जैसे ही सुबह तीनों घर के लोग जागे। उन्होंने अपने घर में बिखरा सामान और चोरी की गई संपत्ति देखी। जिससे गांव में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलने पर कैलिया थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव बैस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गए।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फोरेंसिक फील्ड यूनिट, एसओजी तथा सर्विलांस टीम की मदद से चोरी का खुलासा करने की कोशिश की जा रही है।

## आकाशीय बिजली गिरने से गर्भवती भैस की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर।जनपद फतेहपुर के बकेवर थाना क्षेत्र में बुधवार की दोपहर हुई तेज बारिश के बीच आसमानी बिजली ने भी कहर बरपाया।इलाके में किसान की एक गर्भवती भैंस पर आसमानी बिजली गिरी। इस हादसे में भैंस की मौत हो गई। पीड़ित परिवार के मुखिया संतोष दुबे पुत्र विजयशंकर दुबे निवासी मथुरापुर ने बताया कि उनके पास एक भैंस थी, जिसको उन्होंने परवरिश कर बड़ा किया था। बुधवार दोपहर लगभग 12बजे तेज बारिश हुई और बिजली गिरने से उसकी गर्भवती भैंस की मौत हो गई। भैंस घर के बाहर एक ईमली के पेड़ के नीचे बंधी हुई थी।जिससे उसे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।उनका कहना है कि यह भैंस उनकी आमदनी का भी साधन थी। पीड़ित ने प्रशासन से इस संबंध में उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि नुकसान की भरपाई की जा सके। वही जानकारी मिलने पर स्थानीय लेखपाल व बकेवर मुख्य पशुचिकित्सक भी मौके पर पहुंच कर मुयायना किया।

## तीसरे दिन रेस्क्यू ऑपरेशन जारी नहीं मिला बालक

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर।जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मवई गांव में विगत सोमवार को यमुना नदी में स्नान करने गये एक 10 वर्षीय बालक बहोरन पुत्र मिठाई लाल बाल्मिक नदी के गहरे पानी में जा पहुंचा डूब जाने के बाद मौके पर मौजूद अन्य तीन भाइयों ने शोर मचाया था जिनकी निशा देही पर परिजन तथा प्रशासन अनवरत खोजबीन कर रहा है 50 घंटे बीत जाने के बाद भी तीसरे दिन नाबालिक बालक बहोरन का कोई पता पता नहीं चला पुलिस प्रशासन ने गोताखोरों की मदद के साथ-साथ स्टीमर इत्यादि का प्रयोग करते हुए जमकर खोजबीन की परंतु तीसरे दिन भी खबर लिखते समय तक प्रशासन के हाथ कुछ नहीं लगा तीन दिन से गायब बेटे के दर्शन के लिए गमगीन परिजनों का निरंतर हाल बेहाल है ।

## सीसीटीवी कैमरे लगाने पर जोर दे रहा प्रशासन

### क्षेत्राधिकारी ने व्यापारियों के प्रतिष्ठानों में कैमरे लगाने का दिया निर्देश

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी/ फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के बिंदकी कस्बे में सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवाने का काम करें क्योंकि सीसीटीवी लग जाने के बाद अपराधी अपराध करने में दबता है उसे लगता है कि उसका अपराध पकड़ा जाएगा।यह बात पुलिस क्षेत्राधिकारी वीर सिंह ने बुधवार की शाम को कोतवाली परिषर में आयोजित पीस कमेटी की एक बैठक में कहा

उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे लग जाने के बाद व्यापारी और उसका व्यापार सुरक्षित रहता है तमाम ऐसी घटनाएं फिलहाल हुई है जिनका सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से जल्द खुलासा हुआ है अपराधी पकड़े गए हैं उन्होंने कहा कि इस मामले में सभी व्यापारियों तथा सरार्फा व्यवसाययों को जागरूक होने की जरूरत है जिससे उनकी स्वयं की सुरक्षा हो सके तथा आम नागरिकों की सुरक्षा हो सके वहीं पीस कमेटी की बैठक में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडे ने आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे से मनाने पर बल दिया कहा कि सभी त्योहार शांतिपूर्वक मनाया जाए उन्होंने कहा कि सितंबर माह में गणेश चतुर्थी तथा विश्वकर्मा जयंती है। इसके अलावा अक्टूबर माह में शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो जाएंगे दशहरा का त्यौहार होता इसलिए सभी लोग सभी त्योहार आपसी भाईचारा से मनाई किसी प्रकार की कोई अशांति ना फैलाएं। इस मौके पर कस्बा इंचार्ज नीरज कुशवाहा के अलावा व्यापारी लक्ष्मी चंद्र उर्फ मोना ओमर पूर्व सभासद रामजी गुप्ता डॉक्टर ओमप्रकाश गुप्ता व्यापारी नेता शिवम गुप्ता अनूप अग्रवाल स्वाती ओमर अनूप गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बभनी में बारिश से स्कूल की सड़क बही

- लोगों को आने जाने में हो रही परेशानी, शिकायत के बाद भी नहीं हो रही सुनवाई

अमन लेखनी समाचार



बभनी, बभनी के ग्राम पंचायत पोखरा में स्थित प्राथमिक विद्यालय बसकट्टा के सामने सड़क बारिश की वजह से टूट गई है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और मरम्मत की मांग की। विद्यालय में 42 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। यह सड़क उनकी रोजमर्रा की यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सुराख के कारण न केवल सड़क का उपयोग बाधित हो सकता है, बल्कि संभावित दुर्घटनाओं का भी खतरा पैदा हो सकता है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिनेश सिंह और ग्रामीणों ने इस समस्या की सूचना ग्राम प्रधान को दी थी, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पिछले एक महीने की बारिश के कारण सड़क में यह सुराख हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।इस स्थिति से चिंतित ग्रामीणों ने सोमवार को जुल्मी सिंह, जगत, राजमती देवी, समुंद्री देवी, शिव बरत, सुनेशवर, गुलाब, कांता, रामसजीवन आदि की अगुवाई में प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया और सड़क की मरम्मत की मांग की। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए खण्ड विकास अधिकारी बभनी, अजीत कुमार यादव ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सड़क की मरम्मत करवाई जाएगी।

# बुलंदशहर में किसान की गला रेत कर हत्या

### देर रात घर से खेत की तरफ गया था किसान, गांव शेखपुर का मामला

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर के स्याना तहसील क्षेत्र के गांव शेखपुर में बीती रात किसान की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई।सूचना पाकर मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। किसान की हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। किसान की हत्या किए जाने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सीओ दिलीप सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से बारीकी की से साक्ष्य जुटाए।जानकारी के अनुसार 32 वर्षीय कुलदीप पुत्र सुखपाल ठाकुर रात्रि लगभग 9:00 बजे अपने घर से खेतों की ओर गया था।रास्ते में कनोंना रोड पर किसान कुलदीप की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। किसान का शव पड़ा देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।किसान की हत्या किए जाने के बाद परिजनों में हाहाकार मच गया। उधर एसपी सिटी शंकर प्रसाद ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है। फोरेंसिक टीम ने जांच की है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।परिजनों से तहरीर ली जा रही है।

शव का पंचनामभर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पुलिस हर एंगल पर जांच कर रही है।जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# सीतापुर में 25-25 हजार के दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

- मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने मारी पैर में गोली, चोरी और लूट के मामले में फरार थे

अमन लेखनी समाचार



सीतापुर, सीतापुर में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है।25-25 हजार के दो इनामी बदमाशों के साथ रविवार देर रात पुलिस की मुठभेड़ हो गई।मुठभेड़ के दौरान दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से जख्मी हुए हैं।पुलिस ने घायलों को सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया है। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने नकदी समेत वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। मामला महमूदाबाद कोतवाली इलाके है।यहां आज देर रात पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ में कई राउंड फायरिंग हुई।पुलिस का दावा है कि मुखबिर की सूचना पर महमूदाबाद इलाके के पैंतेपुर पुल के पास चेकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान एक बाइक पर दो व्यक्तियों को आता देख पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग में पुलिस ने दोनों बदमाशों को पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। मुठभेड़ की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने मौका मुआयना किया। बदमाशों की पहचान विनोद पुत्र श्री राम निवासी टांडा थाना लहरपुर और गया प्रसाद उर्फ टिल्लू पुत्र भरत प्रसाद निवासी दक्षिण पूर्व थाना बिसवां के रूप में हुई है।

एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि दोनों बदमाशों के कब्जे से बाइक, तमंचा, जिंदा कारतूस समेत 28 हजार रुपए की नकदी बरामद हुई है।

# मनरेगा योजना से कराए जा रहे कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण



**श्रमिकों से जॉब कार्ड तथा भुगतान आदि के संबंध में ली जानकारी**

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज विकासखंड गौरीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत तुलसीपुर में मनरेगा योजना से कराए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर सत्यापन किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर कार्यरत श्रमिकों से उनके जॉब कार्ड तथा भुगतान आदि के संबंध में जानकारी ली एवं मौके पर श्रमिकों की उपस्थिति के बारे में भी पूछा एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मौके पर 11 श्रमिक कार्यरत पाए गए। बताते चलें कि ग्राम पंचायत तुलसीपुर में अमेठी रजबहा से अजय के खेत तक नाली की खुदाई एवं सफाई का कार्य मनरेगा योजना से कराया जा रहा था जिसका आज जिलाधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, डीसी मनरेगा शेर बहादुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# साइबर जागरूकता में आमजनमानस को किया गया जागरूक

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में थाना पीपरपुर व थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा आमजनमानस को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के विषय में निम्नलिखित बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया ।केवाईसी के लिए मैसेज पर ध्यान न दे और न ही मैसेज से दिये गये मोबाइल नं० पर कॉल करें । (जिस पर किसी भी कम्पनी, बैंक, ई-वॉलेट आदि का नाम हो सकता है) में कोई भी अपनी निजी जानकारी बैंक में पंजीकृत मोबाइल नं० कार्ड नं0 रुपये आदि छोटी रकम हो सकती है) आदि दर्ज न करें। छोटी रकम का झांसा/लालच देकर आपकी निजी जानकारी चुरा लेना मकसद होता है किसी के भी कहने पर रिमोट एक्सैस ऐप जैसे या लिंक के माध्यम से डाउनलोड करें और न ही उसकी पिन व 10 किसी को बतायें । फोन या अन्य किसी माध्यम से प्राप्त मैसेज को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बताये गये नं0 पर प्रेषित न करें एटीएम मशीन के कैश निकासी / जमा करते समय किसी की सहायता न ले, साथ ही अपने कार्ड के पीछे वाली सफेद पट्टी पर अपना नाम अवश्य लिखे, ताकि कार्ड बदले जाने पर तुरन्त पहचान कर सकें ।

बिना गार्ड वाले एटीएम मशीन को इस्तेमाल करने से बचे, पिन को हाथ से छुपाकर रखें ।, या न्यूज पेपर के माध्यम से प्राप्त नौकरी, लॉटरी, पॉलिसी बोनस, सस्ता लोन आदि पर भरोसा न करें, साथ ही बताये गयेया अन्य किसी वॉलेट में या किसी बैंक खाते में रुपयों का स्थानान्तरण या कैश जमा न करें या अन्य जगह पर खरीदारी या समान बेचते समय का इस्तेमाल न करें । रुपये प्राप्त करने हेतु किसी भी लिंक पर क्लिक नहीं करना होता है और न ही पे के बटन को दबायें ।पर भरोसा न करे, भुगतान प्राप्त होने पर ही समान की डिलीवरी करे ।किसी भी प्रकार का साइबर अपराध घटित होने पर तत्काल टॉल फ्री नं0 1930 पर कॉल करें पर शिकायत दर्ज कराएं एवं नजदीकी थाने अथवा साइबर थाने पर लिखित सूचना देकर शिकायत दर्ज कराएं ।

# अनियंत्रित होकर बाइक पेड़ से टकराई बहन की मौत, भाई गंभीर

**बांदा मार्ग पर टेढा के पास हुई घटना**

**बहन को ससुराल छोड़ने जा रहा था भाई**

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के टेढ़ा गांव के पास बांदा मार्ग पर सुबह करीब 9 बजे एक बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे इसमें सवार बहन की मौत हो गई जबकि भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंहुचाया। जहां चिकित्सकों ने बहन को मृत घोषित कर दिया और युवक को सदर अस्पताल रेफर कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के परछछ गांव निवासी संदीप चौहान 35 वर्ष पुत्र शिवदत्त सिंह अपनी बहन विमला 32 वर्ष पत्नी दिनेश को उसकी ससुराल फतेहपुर जनपद के इटौली गांव छोड़ने के लिए बाइक से जा रहा था। सुबह करीब 9 बजे बांदा मार्ग पर टेढ़ा के पास नरहे बाबा स्थान के निकट उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। जिससे बहन की मौके पर मौत हो गई। जबकि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस एंबुलेंस की मदद से दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने विमला को मृत घोषित कर दिया। जबकि भाई को गंभीर हालत में सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मृतका दो भाइयों में बीच इकलौती बहन थी। बताते है कि विमला जन्माष्टमी पर्व पर मायके आयी थी। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका अपने पीछे पति व दो बेटों को रोता बिलखता छोड़ गई है।

# राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत संग्रामपुर के कृषक यशकेन्द्र सिंह ने की केले की खेती

## संग्रामपुर के यशकेन्द्र ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत प्रति हेक्टेयर कमाए रू 4.62 लाख

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत तथा मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के कुशल नेतृत्व में तथा जनपद के कृषकों को स्वालंबित एवं सशक्त तथा आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास से उद्यान विभाग की योजना राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत चयनित कृषक श्री यशकेन्द्र सिंह पुत्र श्री शैलेंद्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम कंसापुर विकास खंड संग्रामपुर द्वारा इस वर्ष अपने 4.5 एकड़ भूमि पर केला उत्पादक की खेती की गई है जिस पर प्रति हेक्टेयर इनकी लागत रुङ्क 308600 है तथा रुङ्क 77100 किलोग्राम केला उत्पादन प्रति हेक्टेयर इन्हें प्राप्त हो रहा है जिसका औसत विक्रय मूल ?10 प्रति किलोग्राम है।। कृषक श्री यशकेंद्र सिंह को प्रति हेक्टेयर रुङ्क 771000 लाभ प्राप्त हुआ है जिस पर शुद्ध लाभ रुङ्क 462400 है। श्री यशकेन्द्र सिंह जी का कहना है कि इस योजना से इन्हें सीधा लाभ प्राप्त हुआ है विगत वर्ष में इनके द्वारा इनकी 2.5 हेक्टेयर की भूमि पर खेती की गई थी तथा इस वित्तीय वर्ष में उस भूमि को बढ़ाकर 4.5 हेक्टेयर की भूमि पर केला उत्पादन का खेती की जा रहा है तथा योजना से लाभान्वित होने पर इन्हें बहुत प्रसन्नता भी है यह योजना के तहत निर्धारित पात्रता मानक को पूर्ण कर रहे थे जिससे उनका चयन राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत हुआ। जिलाधिकारी द्वारा जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को शासन द्वारा शासनादेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार उद्यान विभाग की योजनाओं से आच्छादित कराकर उन्हें कृषि संबंधित उनकी आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षण भी प्रदान करें जिससे शासन की कल्याणकारी योजनाओं से कोई भी पात्र लाभार्थी वंचित न रहे।

# स्काउट गाइड प्रशिक्षण से होता है बौद्धिक व शारीरिक विकास



**मुंशीगंज शिव महेश पब्लिक स्कूल नेवाडिया कटरा महारानी चल रहा है कार्यक्रम**

**अमन लेखनी समाचार**

मुंशीगंज शिव महेश पब्लिक व स्कूल नेवाडिया कटरा महारानी स्काउट गाइड ट्रेनिंग का कार्यक्रम चल रहा है जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है स्काउट गाइड ट्रेनर सचिन विश्वकर्मा मोहम्मद शकील खान, निखिल सिंह जिला ट्रेनिंग काउंसलर द्वारा बच्चों को स्काउट के क्रियाकलाप के बारे में जागरूक किया स्काउट गाइड ट्रेनर सचिन विश्वकर्मा ने बताया कि स्काउट गाइड के प्रशिक्षण से बच्चों में शारीरिक, मानसिक तथा बौद्धिक गुणों का विकास होता है। इस प्रशिक्षण से राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित होती है। आपातकाल में यही बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सहयोग करते हैं। प्रशिक्षण के पहले दिन बच्चों को टोली निर्माण, प्रार्थना, झंडा गीत, नियम, प्रतिज्ञा तथा विभिन्न प्रकार की तालियों की जानकार इस मौके पर प्रबंधक संकटा प्रसाद मिश्रा प्रधानाचार्य पवन सिंह प्रेसिपल ओपी सिंह, उमेश पांडेय, आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहे

# अतिक्रमण हटाने के लिए बैठक कर मांगे सुझाव

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा, हमीरपुर ।कस्बे की एकमात्र मुख्य सड़क पर फैले अतिक्रमण कारियों के साम्राज्य को खत्म करने के उद्देश्य से अक्सर उठाई जाने वाली मांग के पूरी होने का समय आ गया है ।जिसके चलते उपजिलाधिकारी ने व्यापारियों के साथ बैठक कर सुझाव मांगे। कस्बे की एकमात्र सड़क पर दूकानदारों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण के कारण हर दिन जाम की स्थिति बनी रहती है और अक्सर आवश्यक सेवाओं के वाहन भी जाम के झाम में फंसे रहते हैं जिसके चलते व्यापार संगठनों और आमजन द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने का मुद्दा उठाया जाता है ।उसी सिलसिले में बुधवार को कस्बे की नगरपालिका में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में व्यापार संगठनों के नेताओं के साथ बैठक आयोजित की गई और उसमें व्यापारियों से सुझाव मांगे गए जिसमें कस्बे का अतिक्रमण तीन चरणों में हटाने की बात कही गई पहले चरण में मुख्य बाजार को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा जबकि दूसरे चरण में देवी चौराहे के आगे से अरतरा तिराहे और उसके अगले चरण में मलीकुआ चौराहे से इलाहाबाद बैंक तक के अतिक्रमण को हटाया जाएगा ।इस दौरान अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर, नगरपालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद सहित सभासद और व्यापार संगठन के नेता मौजूद रहे।

## दो सीओ, 10 इंस्पेक्टरों के साथ 300 पुलिसकर्मी तीजा मेले में होंगे तैनात

**बांदा, महोबा, हमीरपुर पुलिस करेगी सुरक्षा**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे के ऐतिहासिक तीजा मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए बांदा, महोबा के साथ जिले का फोर्स तैनात किया जाएगा। सदर एवं मौदहा सीओ की अगुवाई में 10 इंस्पेक्टर मेले की जिम्मेदारी को संभालेंगे। सभी की आमद पशु बाजार मेला मैदान में बनाई गई अस्थाई मेला कोतवाली में होगी ।थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि गत वर्षो की तरह इस वर्ष भी तीन दिवसीय मेले की सुरक्षा के लिए बांदा, महोबा के साथ जिले का पुलिस बल तैनात होगा। इसके अलावा तीन सेक्शन पीएसी भी मेले की सुरक्षा के लिए तैनात होगी। उन्होंने बताया कि 10 इंस्पेक्टर, 50 एसआई के साथ पुलिस एवं होमगार्ड के 300 जवान तैनात होंगे। एक फायर दस्ते के साथ यातायात व्यवस्था के लिए ट्रैफिक पुलिस को भी तैनात किया जाएगा। कस्बे के पशु बाजार, मेला मैदान, नेहा चौराहा, छोटी बाजार, बस स्टॉप, रामलीला मैदान में पुलिस का सख्त पहरा रहेगा। इसके अलावा पुलिस की मोबाइल टीमें लगातार कस्बे में भ्रमण में रहेंगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि मेले की सुरक्षा के लिए ड्रोन कैमरे के साथ सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।

# एसपी द्वारा अमेठी-रायबरेली के फुरसतगंज बॉर्डर का किया भ्रमण



**सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा**

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा थानाक्षेत्र फुरसतगंज अन्तर्गत जनपद अमेठी-रायबरेली के फुरसतगंज बॉर्डर पर स्थित बैरियरों पर तैनात पुलिस बल की उपस्थिति को जांचा गया एवं उपस्थित समस्त अधि0/कर्म0गण को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के संबन्ध में आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये तथा प्रभारी निरीक्षक फुरसतगंज को बॉर्डर पर समुचित पुलिस प्रबन्ध कर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर निगरानी व सतर्क दृष्टि रखने हेतु निर्देशित किया गया ।

# अमेठी भाजपा बनाएगी 3 लाख सदस्यःसदस्यता अभियान को लेकर बैठक की गई

## संगठन के सभी नेताओं को मिला टारगेट, कई स्तर पर टीम गठित



**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत आज प्रदेश मंत्री और अमेठी प्रभारी शंकर गिरी ने अमेठी कस्बे के डाक बंगला में पार्टी नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में शंकर गिरी ने बताया कि अमेठी में भाजपा के तीन लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए संगठन के सभी नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है और विभिन्न स्तरों पर टीमों का गठन किया गया है ।उन्होंने कहा कि 11 से 17 सितंबर तक सदस्यता को लेकर एक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि सक्रिय रूप से भाग लेंगे और बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान चलाएंगे। शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को शिक्षकों की सदस्यता और विश्वकर्मा जयन्ती पर 17 सितंबर

### लगाए जाएंगे सदस्यता कैंप

अमेठी प्रभारी ने कहा कि समाज के प्रभावशाली व्यक्तियों और विशेष समूहों के लोगों को भाजपा का सदस्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है

### पार्टी ने निर्धारित किया है लक्ष्य

पार्टी द्वारा शुरू किये जा रहे सदस्यता अभियान में सांसद 20 हजार, विधायक 10 हजार, महापौर 20 हजार, नगर पालिका अध्यक्ष 5 हजार, नगर पंचायत अध्यक्ष 2 हजार, नगर निगम पार्षद एक हजार, नगर पालिका के पार्षद 500 व नगर पंचायत के पापद 200, निगम आयोग बोर्ड के अध्यक्ष 1000, जिला पंचायत अध्यक्ष 15 हजार, युवा मोर्चा 15 लाख, महिला मोर्चा, पिछडा मोर्चा, अनूसूचित जाति मोर्चा को 10-10 लाख, अल्पसंख्यक मोर्चा व अनुसूचित जनजाति मोर्चा को 2-2 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है।

# रानी सुषमा देवी महिला महाविद्यालय में हवन-पूजन के साथ सत्र का शुभारंभ



**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी रानी सुषमा देवी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नये सत्र के प्रारंभ हेतु 4 सितंबर को विधिवत्यज्ञ एवं हवन पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यज्ञ के पुरोहित मिथिलेश कुमार चतुर्वेदी, श्रवण कुमार द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन संपन्न किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ० पूनम सिंह द्वारा महाविद्यालय की पिछले 21 वर्षों के विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला गया तथा सभी के द्वारा महाविद्यालय के निरंतर विकास को जारी रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सभी प्राध्यापिकाएं, प्राध्यापक, कार्यालय स्टाफ एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# वेब कास्टिंग के माध्यम से राष्ट्रीय पोषण माह का किया गया शुभारम्भ

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। पोषण अभियान प्रधानमंत्री के विजन ह्यह्यसुपोषण भारतह्यह्य (कुपोषण मुक्त भारत) पर आधारित है। पोषण अभियान के प्रभावशाली क्रियान्वयन हेतु जन आन्दोलन और सामुदायिक भागीदारी के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु वर्ष 2018 से प्रत्येक वर्ष सितम्बर माह में सभी हितधारकों के समेकित प्रयासों से राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाता है। इसी क्रम में सातवॉ ह्यह्यराष्ट्रीय पोषण माहह्यह्य 01 सितम्बर 2024 से 30 सितम्बर, 2024 मनाया जा रहा है। जिस क्रम में आज दिनॉक 04 सितम्बर 2024 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारम्भ वेब कास्टिंग के माध्यम से किया गया। जिसके क्रम में जनपद में जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थिति में डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार में कार्यक्रम शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोधभरायी, 06 माह के बच्चों को अन्नप्राशन,सैम बच्चों को पोषण पोटली प्रदान की गयी, पोषण माह के अन्तर्गत सम्बन्धित समस्त कन्वर्जेन्स विभागों के समन्वय एवं समेकित प्रयासों से पोषण आधारित जीवन चक्र के महत्वपूर्ण चरणों यथा- गर्भावस्था, शैशवावस्था, बचपन व किशोरावस्था में पोषण के सम्बन्ध में जनजागरूकता लाने हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजन करने के निर्देश दिए गए ।पोषण अभियान में वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन एक महत्वपूर्ण चरण है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इस वर्ष सितम्बर, 2024 में आयोजित किये जाने वाले पोषण माह की मुख्य थीम यथा एनीमिया (टेस्ट, ट्रीट, टॉक),वृद्धि निगरानी,ऊपरी आहार,पोषण भी पढ़ाई भी (पीबीपीबी), बेहतर प्रशासन के लिये प्रौद्योगिकी है। जिलाधिकारी द्वारा उत्कृष्ठ कार्य करने वाली ऑगनवाड़ी कार्यकत्रियों को पुरस्कृत करते हुए राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत शासन की मंशा के अनुरूप सच्ची लगन व निष्ठा के साथ कार्य करने की अपेक्षा की गयी। इस अवसर पर परियोजना निदेशक (डी0आर0डी0ए0) साधना दीक्षित, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह,जिला पंचायत राज अधिकारी जितेन्द्र कुमार मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार शुक्ला,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलोक कुमार सिंह,उपायुक्त एनआरएलएम, बाल विकास परियेजना अधिकारी प्रीती भिलवारे सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नेशनल हाईवे पर हाइड्रा ने युवक को रौंदा हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। पिता और चाचा के साथ भैंस बेचने आ रहे युवक को कानपुर सागर हाईवे पर हाईड्रा ने टक्कर मारकर रौंद दिया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हाईड्रा चालक भाग निकला। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के सौंखर गांव निवासी गुलाब कुशवाहा 26 वर्ष पिता रामबाबू और चाचा श्यामसुंदर के साथ बुधवार सुबह भैंस बेचने घर से निकला था। तीनों जब कानपुर सागर हाईवे पर टॉकीज के पास पहुंचे। तभी गुलाब को तेज रफ्तार हाईड्रा मशीन ने टक्कर मारी और उसके ऊपर से निकल गया। जिससे गुलाब की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। गुलाब अपने पीछे पत्नी लक्ष्मी और दो साल की बच्ची सोनपरी को रोता बिलखता छोड़ गया है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# 11 से 17 सितंबर के मध्य घर घर चलेगा भाजपा का सदस्यता अभियान

**क्षेत्रीय अध्यक्ष ने संगठन पर्व सदस्यता अभियान की कराई शुरूआत**

**जिला कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों के साथ हुई सदस्यता अभियान की बैठक**

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। भाजपा कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल एवं पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर के आगमन पर बैठक के बाद संगठन पर्व सदस्यता अभियान की शुरूआत की गयी। जिला प्रभारी देवेश कुमार, सदर विधायक डा. मनोज प्रजापति, राठ विधायक मनीषा अनुरागी, जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, पूर्व विधायक युवराज सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता, मनोज गुप्ता की उपस्थिति में क्षेत्रीय अध्यक्ष का पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। जिला कार्यालय में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने सदस्यता अभियान के विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा सदस्यता अभियान का प्रथम चरण 2 सितंबर से 25 सितंबर तक चलेगा। द्वितीय चरण 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा। फिर यह अभियान 18 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलेगा। प्रत्येक बूथ पर दो सौ सदस्य बनाना है। सक्रिय सदस्यता के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता कम से कम 100 सदस्य बनाएंगे। सदस्यता अभियान के लिए 11 से 17 सितंबर तक घर-घर संपर्क करके सदस्यता करनी है। 12 सितंबर को प्रदेश पदाधिकारी, पार्टी के मोर्चा कार्यकर्ता विशेष संपर्क के लिए निकलकर प्रत्येक लोकसभा में 100 प्रमुख मतदाताओं से संपर्क करके उनको सदस्य बनाकर समर्थन मांगेगें। उन्होंने बताया कि सदस्यता के लिए विशिष्ट सदस्यता अभियान में बाजार, स्टेशन, कॉलेज में कैंप लगाकर सदस्य बनाया जायेगा। बाद में भाजपा के पदाधिकारियों एवं सदस्यता अभियान के जिला संयोजक विजय पांडे के साथ संगठन पर्व सदस्यता अभियान की क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल द्वारा शुरूआत कराई गई। जिसमें मौदहा से आए भूतपूर्व सैनिकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर नरविंद्र सिंह, रोहित शिवहरे, किशन व्यास, स्वामी प्रताप सिंह, अरविन्द श्रीवास्तव, लक्ष्मी रतन साहू, नीलम बाजपेई, नीलम भारती, अंब्रेश कुमारी, शिवप्रकाश सिंह, रामदेव सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आराधना राजपूत, साधना सिंह, चक्रवर्ती शुक्ला, अभिनव तिवारी, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



## अक्षय की फिल्म 'स्काई फोर्स' हुई पोस्टपोन...

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार के करियर का इस समय डाउनफॉल आया हुआ है। उनकी जो भी फिल्म रिलीज हो रही है वो बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं दिखा पा रही है। हर फिल्म बुरी तरह से फ्लॉप हो रही है। अक्षय की आखिरी हिट फिल्म ओएमजी 2 है। इसके बाद से उनकी जो भी फिल्म आई है वो फ्लॉप ही साबित हुई है। बैक टू बैक फ्लॉप फिल्में देने की वजह से अक्षय की इस फिल्म की रिलीजिंग को पोस्टपोन कर दिया गया है। उनकी फिल्म स्काई फोर्स अगले साल रिलीज होगी।



लाइफ Style

# अनन्या

## 'कॉल मी बे' का दूसरा गाना 'चुराइयां' रिलीज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वीडियो की शुरुआत अनन्या पांडे की भावुकता से होती है, जब उनका किरदार बेला विहान समत के के किरदार अगस्त्य को अपनी शादी की अंगूठी लौटाती है। जब वह अपने ब्रेकअप का शोक मनाती है तो वह अपने प्यार भरे पलों को याद करती है, जिसमें उनकी पहली मुलाकात, रोमांटिक डांस, प्रपोजल और साथ ही उनके झगड़े भी शामिल हैं।

अनन्या पांडे अभिनीत बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज कॉल मी बे की रिलीज में बस तीन दिन बचे हैं। पहले गाने के रिलीज होने के बाद एल्बम से एक और ट्रैक 'चुराइयां' रिलीज कर दिया गया है। गाने में अनन्या विहान समत के साथ अपने ब्रेकअप पर दुखी नजर आ रही हैं और वीडियो में रियल लाइफ कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी के वायरल वेडिंग पोज को भी रिक्रिएट किए गया है। यह शो 6 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर आने वाला है। 3 सितंबर मंगलवार को सीरीज कॉल मी बे के दूसरे गाने का म्यूजिक वीडियो मेकर्स द्वारा लॉन्च किया गया। इस गाने का नाम चुराइयां है, जिसे अभिजीत श्रीवास्तव ने कम्पोज किया है। गाने के बोल शायरा अपूर्वा और मुदित चतुर्वेदी ने लिखे हैं। गाने को सुवर्णा तिवारी और मुदित चतुर्वेदी ने अपनी मधुर आवाज दी है। वीडियो की शुरुआत अनन्या पांडे की भावुकता से होती है, जब उनका किरदार बेला विहान समत के के किरदार अगस्त्य को अपनी शादी की अंगूठी लौटाती है। जब वह अपने ब्रेकअप का शोक मनाती है तो वह अपने प्यार भरे पलों को याद करती है, जिसमें उनकी पहली मुलाकात, रोमांटिक डांस, प्रपोजल और साथ ही उनके झगड़े भी शामिल हैं।

हॉलीवुड मसाला



## आठ मिनट तक बजती रहीं तालियां

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेत्री एंजेलिना जोली अपनी फिल्म 'मारिया' को वेनिस फिल्म फेस्टिवल में आठ मिनट तक खड़े होकर तालियां बजाने पर काफी भावुक हो गईं। यह फिल्म ग्रीक ओपेरा गायिका मारिया कैलास की जीवनी पर आधारित है। इसे जल्द ही ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा। फिलहाल एंजेलिना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर वायरल हुए वीडियो में एंजेलिना जोली को इमोशनल होकर अपने आंसू पोंछते हुए देखा जा सकता है, जिसके बाद 'मारिया' को-स्टार पियर फ्रांसेस्को फेविनो ने उन्हें संभाला।



## रेड हल्क की पहली झलक देख हो जाएंगे दीवाने...

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल कॉमिक्स, मार्वल स्टूडियो और एमसीयू (मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स) के दीवानों के लिए करीब तीन मिनट का यह वीडियो बेहद इमोशनल और एक्साइटमेंट से भरा हुआ है। मार्वल ने अपने शानदार 85 साल पूरे होने पर यह वीडियो शेयर किया है। कॉमिक बुक से लेकर बड़े पर्दे पर सुपरहीरोज के फैंस के लिए यह वीडियो पुरानी यादों को ताजा करने वाला है, लेकिन इसके साथ ही इसमें हमें मार्वल की आने वाली फिल्मो की झलक भी देखने को मिलती है। इस वीडियो में रेड हल्क, थंडरबोल्ट्स, डेयरडेविल और आयरनहार्ट की झलक रोमांच बढ़ाने वाली है। साल 1960 के दशक में मार्वल के दिग्गज स्टैन ली और जैक किर्बी ने कॉमिक किताबों की शुरुआत की थी। सुपरहीरोज की दुनिया का एक नया इतिहास शुरू हुआ था।



## करीना ने कहा- मुझे डिटेक्टिव बनना था

**मुंबई।** करीना कपूर की अगली फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' है। इस फिल्म के जरिए वे बतौर प्रोड्यूसर भी शुरुआत कर रही हैं। मंगलवार को इस फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हो चुका है। एक भव्य इवेंट में ट्रेलर जारी किया गया। इस दौरान करीना से लेकर हंसल मेहता और एकता कपूर तक, फिल्म से जुड़ी तमाम हस्तियां मौजूद रहीं। करीना ने बताया कि उन्होंने इस फिल्म यह फिल्म क्यों साइन की? करीना ने फिल्म में काम करने को लेकर कहा, 'मुझे डिटेक्टिव बनना था, इसलिए मैंने इस फिल्म में काम किया'। इसके अलावा करीना ने कहा कि 'कैमरा के सामने आना मेरा पैशन है और यह जारी रहेगा'। 'द बकिंघम मर्डर्स' 13 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'द बकिंघम मर्डर्स' को बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल 2023 और 2023 मुंबई फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया।



## कियारा को दिया ड्रामा क्वीन का टैग

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी अक्सर अपनी तस्वीरों, एयरपोर्ट लुक और अपनी रोजमर्रा की जिंदगी के मजेदार पलों के लिए सुर्खियों में रहते हैं। अब सोशल मीडिया पर सिद्धार्थ का एक पुराना वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अभिनेता ने अपनी पार्टनर कियारा को 'ड्रामा क्वीन' कहा था। मिर्ची प्लस के साथ एक मजेदार रैपिड फायर में अभिनेता से कुछ गानों के बोल संबंधित फिल्म कलाकारों को समर्पित करने के लिए कहा गया, जिनके साथ उनकी सबसे अच्छी दोस्ती है। जब होस्ट ने उनसे 'ये छोरी बड़ी ड्रामा क्वीन है' डेडिकेट करने के लिए कहा तो सिद्धार्थ ने चुटकी लेते हुए कहा, 'कियारा आडवाणी'। इस वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'सिड-कियारा सबसे प्यारे कपल्स में से एक हैं।'

टीवी मसाला



## अब नहीं आएगा 'आपका अपना जाकिर', चैनल ने भी खींच लिए हाथ

**नई दिल्ली।** जाकिर खान और उनके फैंस को बड़ा झटका लगा है। दरअसल 'आपका अपना जाकिर' शो बंद किया जा रहा है। 10 अगस्त को शुरू हुए इस शो की टीआरपी बहुत खराब रही है, जिसके कारण मेकर्स और चैनल ने भी अब इस शो से अपने हाथ खींच लिए हैं। जब एक महीने पहले जाकिर खान के नए शो 'आपका अपना जाकिर' का ऐलान किया गया था, तो फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं था। इसे टीवी पर 'द कपिल शर्मा शो' का रिप्लेसमेंट माना जा रहा था। पर अब यह शो बंद किया जा रहा है। इसकी वजह है गिरती टीआरपी और रेटिंग। इससे न सिर्फ जाकिर खान, बल्कि उनके फैंस को भी तगड़ा झटका लगा है। हो सकता है कि जो फैंस 'आपका अपना जाकिर' के नए एपिसोड का इंतजार कर रहे थे, शायद वह उन्हें देखने को नहीं मिलेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, शो में बड़े स्टार्स तो काफी आ रहे थे, पर उसमें कुछ भी दिलचस्प या क्रिएटिव लेवल पर खास नहीं था, यही वजह रही कि शो की रेटिंग तेजी से गिर गई और अब इसे संभाल पाना भी मुश्किल हो रहा है।

## ... क्या 'अनुपमा' के सेट पर है नेगेटिविटी? सुधांशु ने खोले राज

**नई दिल्ली।** सुधांशु पांडे अनुपमा सीरियल में वनराज का किरदार निभाकर फेमस हुए हैं। उन्होंने इस शो में नेगेटिव रोल निभाया था। जिसके बाद से लोग उन्हें उनके असली नाम की जगह वनराज के नाम से ही जानते हैं। सुधांशु ने कई सालों तक अनुपमा में काम करने के बाद इस शो को छोड़ दिया है। जैसे ही उन्होंने शो छोड़ने के बारे में बताया है तब से फैंस चौंक गए हैं। शो छोड़ने के बाद सुधांशु ने शो से जुड़े कई राज खोले हैं। उन्होंने कहा- मैं एक ही चीज कहूंगा, मेरी सिनियोरिटी और बाकी चीजों की वजह से मेरे आस-पास ये सब चीज कभी फटकी नहीं। क्योंकि, लोगों की इतनी हिम्मत होती नहीं है कि वो टॉक्सिसिटी मेरे पास लेकर आए। वो जानते हैं एक सीनियर एक्टर हैं तो उन्हें मेरे साथ एक डेकोरम मेंटेन करके रहना पड़ेगा। बता दें अनुपमा टॉप रेटिड टीवी शो है। इस शो में रुपाली गांगुली, गौरव खन्ना, निधि शाह, निशि सक्सेना समेत कई कलाकार लीड रोल में नजर आते हैं।



## कार्तिक-विद्या का लुक देख क्रेजी हुए फैंस....

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन और विद्या बालन का फिल्म 'भूल भुलैया 3' से पहला अनऑफिशियल लुक सामने आ गया है। साल 2007 में आई अक्षय कुमार स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म का यह दूसरा सीक्वल होगा जो इसी साल नवंबर में रिलीज होने जा रहा है। फिल्म का पहला पार्ट ब्लॉकबस्टर हिट रहा था और दूसरे पार्ट में कार्तिक आर्यन कियारा आडवाणी के साथ नजर आए थे। फिल्म में तब्बू ने डबल रोल किया था जिसे काफी पसंद किया गया और अब फिल्म का तीसरा पार्ट रिलीज होने में बस 2 महीने का वक्त बचा है। इसी बीच फिल्म के बीटीएस मोमेंट सामने आने शुरू हो चुके हैं, जिन्होंने एक्साइटमेंट और भी बढ़ा दिया है। भूल भुलैया की भूत मंजूलिका का खुमार फैंस पर ऐसा चढ़ा कि पार्ट-2 में कई लोगों ने विद्या बालन को याद किया। अब पार्ट-3 में खबर है कि मेकर्स पुरानी मंजूलिका को फिर वापस लाने जा रहे हैं। इस बात का सबूत है सोशल मीडिया पर सामने आई ये ताजा तस्वीरें जिनमें कार्तिक आर्यन और विद्या बालन एक साथ नजर आ रही हैं। दोनों ने ही ब्लैक आउटफिट लिया हुआ है। जहां कार्तिक आर्यन रूह बाबा के लुक में हैं वहीं विद्या बालन ने भी ब्लैक साड़ी पहनी हुई है।



## इस एक्टर ने शाहरुख, सलमान, अमिताभ से ज्यादा दी हैं हिट फिल्में, फिर भी नहीं मिला कभी सुपरस्टार का ताज

**नई दिल्ली।** एक्टर्स को उनकी सिनेमाघरों और ऑडियन्स के बीच पावर के दम पर स्टार या सुपरस्टार कहा जाता है। जितना बड़ा एक्टर का और होता है उतना ही बड़ा उसका स्टारडम होता है। जो एक्टर सबसे ज्यादा हिट फिल्में देता है उसे अपने आप लोग सुपरस्टार कहने लगते हैं। लेकिन, एक ऐसे एक्टर हैं जिन्होंने अपने फिल्मी करियर में 74 हिट फिल्में दी हैं, लेकिन फिर भी उन्हें कभी किसी ने सुपरस्टार नहीं कहा है। हिट फिल्मों की लिस्ट में इस एक्टर ने कई बड़े बॉलीवुड एक्टर्स को भी पीछे छोड़ दिया है। बॉलीवुड में जिस एक्टर ने सबसे ज्यादा हिट फिल्में दी हैं वो कोई और नहीं, बल्कि धर्मेंद्र हैं। धर्मेंद्र ने अपने करियर में 239 फिल्में की हैं, जिसमें से 74 हिट और 20 सेमी हिट देने का रिकॉर्ड है।

### इन फिल्मों ने रचा इतिहास

धर्मेंद्र ने अपने करियर की शुरुआत छोटी फिल्मों से की थी। छोटी फिल्मों से ही धर्मेंद्र ऊपर बढ़ते चले गए थे। उनकी कुछ फिल्मों ने बॉलीवुड में इतिहास रच दिया था। जिसमें शोले और सीता और गीता शामिल हैं। शोले में धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन की जोड़ी को बहुत पसंद किया गया था। साथ ही धर्मेंद्र और हेमा मालिनी का रोमांस भी फैंस को काफी पसंद आता है।



### अमिताभ बच्चन को छोड़ दिया पीछे

हिट फिल्मों की लिस्ट में धर्मेंद्र ने कई बड़े एक्टर्स को पीछे छोड़ दिया है। जिसमें अमिताभ बच्चन (56), राजेश खन्ना (42), अक्षय कुमार (40) सलमान खान (37) और शाहरुख खान (34) शामिल हैं। धर्मेंद्र ने इन सभी एक्टर्स से ज्यादा हिट फिल्में दी हैं। धर्मेंद्र बॉलीवुड के सबसे ज्यादा हिट फिल्में देने वाले एक्टर्स में से एक रहे हैं। उनकी 7 फिल्में ब्लॉकबस्टर रही हैं।

*__नहीं मिला सुपरस्टार का ताज :__ धर्मेंद्र हमेशा राजेश खन्ना और अमिताभ बच्चन जैसे कई सुपरस्टार्स की छाया में रहे, जिन्होंने बड़ी हिट फ़िल्में दीं, जबकि उनकी हिट फ़िल्में ज़्यादातर मल्टी-स्टारर थीं। 80 के दशक से, उन्होंने छोटे बजट की एक्शन फ़िल्मों की ओर रुख किया, यही वजह है कि उन्हें कभी भी टॉप स्टार के टैग की दौड़ में नहीं माना गया। वर्कफ्रंट की बात करें तो धर्मेंद्र आखिरी बार शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ फिल्म तेरी बातों में ऐसा उल्झा जिया में नजर आए थे। अभी भी उनके पास कई प्रोजेक्ट्स लाइन में लगे हुए हैं।*

## सीरियल किलर की हैवानियत कंपा देंगी रूह

# क्या आपने देखी हैं खौफनाक क्राइम पर बनी ये फिल्में

*__नई दिल्ली।__ अगर आप क्राइम और थ्रिलर देखने के शौकीन हैं। तो हमने आपके लिए कुछ ऐसी फिल्मों की लिस्ट लेकर आए हैं। जिन्हें देखकर आपकी भी रूह कांप उठेगी।*




**10 रिलिंगटन प्लेस :** हॉलीवुड की ये फिल्म देख आपका दिल और दिमाग दोनों हिल जाएंगी। इसमें एक कपल किराए पर एक जगह लेता है, जिसका मालिक जॉन क्रिस्टी है, ये शख्स एक खूंखार सीरियर किलर होता है।

**स्क्रीम :** साल 1996 में रिलीज हुई ये फिल्म भी आपके दिल में दहशत पैदा कर देगी। फिल्म की कहानी स्क्रीम डेनियल हेरोल्ड रोलिंग से प्रेरित है। जिसे गेन्सविले रिपर के नाम से भी जाना जाता है।






**हेनरी :** पोर्ट्रेट ऑफ सीरियल किलर - ये फिल्म भी एक रियल सीरियल किलर की कहानी पर आधारित है। जिसका नाम हेनरी ली लुकास है। उन्होंने साल 1983 में 600 से ज्यादा मर्डर किए थे।

**चेंजलिंग :** एंजेलिना जोली की फिल्म 'चेंजलिंग' का नाम भी इस लिस्ट में है। जिसमें उन्होंने रियल लाइफ क्रिस्टीन कॉलिन्स का रोल निभाया था. जिसके बेटे को एक सीरियल किलर किडनैप कर लेता है।






**कार्ला :** इस फिल्म में तीन महिलाओं के रेप और मर्डर की कहानी दिखाई जाती है। इस फिल्म को देखकर भी आपकी रूह कांप उठेगी।

**3096 डेज :** ये फिल्म नत्शा कम्पुश की इसी नाम से लिखी संस्मरण पर आधारित है। जिनका 10 साल की उम्र में किडनैप हो जाता है। फिर वो कैसे खुद को बचाती हैं ये कहानी फिल्म में दिखाई गई है।






**दहाड़ :** इस लिस्ट में हिंदी वेब सीरीज 'दहाड़' का भी नाम शामिल है। जो रियल सीरियल किलर सीरीज मोहन कुमार की कहानी से प्रेरित है। इसमें विजय वर्मा और सोनाक्षी सिन्हा ने अहम किरदार निभाए थे।